
ठाणे - मुंबई
से प्रकाशित
रविवार, 01 जून 2025
वर्ष - 18, अंक-165
मुल्य-2, पृष्ठ-8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.tarunmitra.in
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
संपादक- स्वतंत्र कुमार
e-mail-tarun.thana@gmail.com
महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित



# नारी शक्ति को चुनौती देना आतंकियों के लिए बन गया काल : प्रधानमंत्री मोदी

## देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट किया लोकार्पित

**एजेंसी, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए मातृशक्ति को नमन किया और देवी अहिल्याबाई के योगदान को युगों तक याद रखने वाला बताया।

राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी और यही चुनौती उनके और उनके आकाओं के लिए काल बन गई। हमारी सेनाओं ने सैकड़ों किलोमीटर दूर जाकर दुश्मन के अड्डों को नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन बन गया है। यहां पर पीएम मोदी ने देवी अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत की सशक्त संरक्षक बताया। उन्होंने कहा, कि जब देश में संस्कृति और मंदिरों पर हमले हो रहे थे, तब अहिल्याबाई ने उन्हें संजोने का संकल्प लिया और सैकड़ों मंदिरों और तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कराया। पीएम मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने महेश्वरी साड़ी उद्योग की नींव रखकर हजारों बुनकर परिवारों को रोज़गार दिया और गुजरात से हुनरमंद कारीगरों को लाकर इस कला को नया जीवन दिया। उन्होंने कहा, कि बहुत कम लोगों को पता



है कि देवी अहिल्या हुनर की बड़ी पारखी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने उस युग में नारी सुरक्षा टोलियों का गठन किया था, जब समाज में स्त्री अधिकारों की चर्चा भी दुर्लभ थी। उन्होंने बेटियों की शादी की उम्र, शिक्षा और अधिकारों को लेकर ठोस पहल की, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या ने कपास और मसालों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, कि आज हम क्रॉप डायवर्सिफिकेशन की बात करते हैं, लेकिन अहिल्याबाई ने यह सोच तीन सौ साल पहले अपनाई थी। उन्होंने नहरों और तालाबों का निर्माण कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें गरीबों, वंचितों, आदिवासियों और श्रमिक वर्ग को प्राथमिकता दी गई। उनका गवर्नेंस मॉडल आज भी हमारे लिए आदर्श है। उन्होंने प्रभु सेवा और जन सेवा को कभी अलग नहीं माना। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में सुविधाओं को बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे। इस पवित्र दिवस पर विकास के इन सभी कार्यों के लिए मैं प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। इससे पहले कार्यक्रम स्थल तक पीएम मोदी खुली जीप में पहुंचे और जनता का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और महिला बुनकर व 'ड्रोन दीदी' से चर्चा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने अंत में कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण काल में, जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, लोकमाता अहिल्या ने जो कार्य किए, वह आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। आज का यह आयोजन उनकी सोच को आगे ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## तेजी से पैर पसार रहा कोरोना, देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र सक्रिय केस के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी सक्रिय केस इन्हीं दो राज्यों में हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की। गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मिले हैं। वहीं उत्तरपूर्व के राज्य मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था।

### महाराष्ट्र में 9 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट

महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 केस मिले हैं। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को कोविड-19 के दो मामले सामने आए थे। दोनों मरीज केरल के रहने वाले हैं और श्रीनगर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में महाराष्ट्र के मृतकों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये वितरित किए गए

**तरुणमित्र, मुंबई**

महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटिल ने शनिवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले राज्य के छह नागरिकों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की गई है।

मकरंद पाटिल ने बताया कि शुरुआत में, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए राज्य के नागरिकों के परिवारों को 5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की गई थी। बाद में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस सहायता राशि को बढ़ाकर 50-50 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के अनुसार, राहत एवं पुनर्वास विभाग ने आज मृतकों के परिवारों को यह आर्थिक सहायता वितरित की। राज्य सरकार के इस फैसले से प्रभावित परिवारों को राहत मिली है। राहत एवं पुनर्वास मंत्री मकरंद जाधव-पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त यह सहायता ऐसे कठिन समय में परिवारों को कुछ सहारा दे रही है।


## मुझे मंत्री ने बताया कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ सीएम हैं: गवई

**एजेंसी, प्रयागराज**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनने के बाद बीआर गवई शनिवार को पहली बार यूपी के प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा अभी मंत्री मेघवाल ने बताया कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ सीएम हैं। इलाहाबाद की भूमि पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पावरफुल हैं ही। सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और वकील चेंबर्स का उद्घाटन किया। उन्होंने



कहा कि इस देश के आखिरी नागरिक तक पहुंचना हमारा मौलिक कर्तव्य है। जब तक बार और बेंच साथ में काम नहीं करते, तब तक हम न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। कार्यक्रम में सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। सीजेआई गवई ने कहा कि आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुत अच्छा उदाहरण दिया है, जिसे हम रोल मॉडल कह सकते हैं। मेरे नॉलेज में इतनी बड़ी इमारत वकीलों के लिए पूरी दुनिया में भी नहीं होगी। यहां वादकारियों का भी ख्याल रखा गया है। पास ही भूखंड में वादकारियों के लिए कुछ प्लानिंग है, जहां बच्चे लेकर आने वाली महिलाओं के लिए क्रेच भी बनेगा यानी काम करने वाली महिला के बच्चों के लिए देखरेख की व्यवस्था की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि याद कीजिए इसी इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2017 में पीएम मोदी का आगमन हुआ था। उन्होंने कहा था कि सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ यानी कानून का शासन। इसमें बार और बेंच के साथ-साथ वादकारी का भी महत्व है।






## संक्षिप्त समाचार

### जालोर से देसुरी बस का दादाई गांव में स्वागत



अमरपुरी गोस्वामी दादाई

**देसुरी**।जालोर से देसुरी पर भारत ट्रावेल्स फालना बस का दादाई गांव मे भव्य स्वागत किया गया ।बस संचालक युसुफ भाई सेवाडी ,परिचालक नारायणसिंह बेडल का माला पहनाकर स्वागत किया गया।बस का देसुरी से सुबह 6'30 रवाना होकर सोनाणा,सारंगवास, आना,गिराली,उन्दरथल, दादाई माताजी वाडा, गुडालास चौरहा, फताहपुरा, धाणदा,मोखमपुरा, रानी,केनपुरा,धणा,दौलपुरा,को सेलाव, राजपुरा,तखतगढ होते हुए आहोर,जालोर, पहुचेगी वापसी मे दोपहर 3बजे जालोर से रवना होकर शाम 6.30 बजे पहुचेगी इस अवसर पर भाजपा नेता अमरपुरी गोस्वामी,मंडल अध्यक्ष सतीश सोनी, महावीर सिंह मेडतिया, जीवराज सिह राजपुरोहित, श्ररवनपुरी, भीखाराम मेघवाल, कानाराम प्रजापत, राजुसिंह, जब्बर सिंह सोलकी, विनोद हिरागर, रमेश हरिजन, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मनरेगा श्रमिकों को सामाजिक सरोकार की दी जानकारी



तरुणमित्र

निकटवर्ती मगरतलाव में संवैधानिक फेलो समन्वयक डॉ भरत कुमार श्रीमाली के निर्देशानुसार फेलो प्रहलाद सिंह कोट ने मनरेगा श्रमिकों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कहि योजनाओं की जानकारी दी गई। पेंशन आवेदन व सत्यापन हेतु राज एस एस पी मोबाइल ऐप के सहयोग से बिना किसी शुल्क के करे इसको लेकर विस्तृत रूप से समझाया गया। प्रधानमंत्री किशान सम्मान निधि के आवेदन व ई केवाइसी के लिए भी मोबाइल ऐप की जानकारी दी। श्रमिको को 10 हको के बारे में जानकारी दी साथ ही पूरा काम पूरा दाम को लेकर के श्रमिकों से चर्चा की।

### भाजपा मंडल के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष अभय सिंह मादा का सभी बूथ अध्यक्षों ने स्वागत किया




कर्मपालसिंह सवाली

**देसूरी** । भाजपा मंडल के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष अभय सिंह मादा का सभी बूथ अध्यक्षों ने स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं को सभी एकजुट होकर संगठन के विचारधारा को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे जज्बे के साथ अपना कर्तव्य निभाने की जरूरत है। भाजपा वरिष्ठ नेता जगदीश सिंह गहलोत, पूर्व मंडल अध्यक्ष भवर सिसोदिया बूथ अध्यक्ष घनश्याम छिपा बूथ अध्यक्ष अरविंद सिसोदिया बूथ अध्यक्ष प्रकाश मेवाड़ा बूथ अध्यक्ष मानाराम प्रजापत बूथ अध्यक्ष जगदीश कुमावतबूथ अध्यक्ष मोतीलाल माली , उप सरपंच भवानी सिंह ,ताराचंद लुहार, दीपक सेन ,योगेश शर्मा, श्रवण सिसोदिया ,नटवर सिसोदिया, प्रकाश सिसोदिया, मुकेश दवे ,योगेश सेन, कनक सोनी ,धनराज चौधरी

# नादाणा भाटान में तिरंगा रैली का आयोजन

अमरपुरी गोस्वामी दादाई।



**रानी**। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में सोमवार को खौड मंडल के नादाणा भाटान गांव की मातृशक्ति की ओर से सिंदूर शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन आयोजित हुआ। जिसमें वीर सैनिकों के सम्मान में चामुंडा माता मंदिर के परिचर में कार्यक्रम हुआ। गांव में तिरंगा रैली के निकाली।जिसमें सैकड़ों माताएं-बहनें पारंपरिक परिधान में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देशभक्ति नारे लगाए। जहां रैली चामुंडा माता मंदिर के मुख्य मार्ग से नादाना भाटान गांव में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में माताओं ने सिंदूर का अपमान नहीं सहेंगे ,हिन्दुस्तान, पहलगाम के आंसू बोले अब हिसाब पूरा होगा, 'भारत माता की जय', 'जय हिंद', 'वीर जवान देश की शान' जैसे नारे लगाएं। कार्यक्रम में पूर्व यूआईटी चेयरमैन संजय ओझा, संयोजक जयवर्धन रांकावत ने अपनी स्वरचित कविता जारी है ऑपरेशन तब तक, आतंक सिंदूर शक्ति संगम जब तक बाकी है तीन दिन का ट्रेलर था वो फिर निकलनी झांकी है... ऑपरेशन सिंदूर किया हमने उन्हें मार गिराया है... गीत के माध्यम से सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का प्रयास किया।आतंकियों ने सिंदूर मिटाने का प्रयास किया: सुमित्रा राजपुरोहित पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित ने मुख्य वक्तव्य देते हुए देश की माटी को वीर प्रसूता तथा देश के नारियों को वीरों की जन्मदात्री कहा। उन्होंने ने कहा कि सिंदूर भारतीय नारियों का श्रृंगार ही नहीं बल्कि हमारे देश की पहचान तथा सम्मान भी है। आतंकियों ने इस सिंदूर को मिटाने का प्रयास किया और सीधे ही प्रधानमंत्री को चुनौती दी। इस चुनौती से संपूर्ण देश प्रतिकार की भावना से भर उठा। जिसका जवाब सेना ने पाकिस्तान को एक साथ नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक आक्रमण कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारे लिए गर्व की बात है। भारतीय सेना ने आतंकवादियों के नेटवर्क को ध्वस्तकिया और आतंकवाद की कमर तोड़ दी। यह आयोजन मातृशक्ति की ओर से सेना को सम्मान और सहयोग का प्रतीक है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम देश की भावना को पीढ़ियों तक पहुंचाएं। इस अवसर पर खौड़ मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह बालराई, समाजसेवी श्रवणसिह राव, भाजपा नेता रूपेश दाधिच खौड़, रघुनाथसिंह गुंदोज, बिजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तमसिंह राजपुरोहित, जयवर्धन रांकावत, जब्बरसिंह राव, नंदकिशोर शर्मा, अर्जुनसिंह खरोकड़ा, चंद्रवर्धन शर्मा, रांकावत विकास सेवा संस्था भाईनदर मुंबई अध्यक्ष मुकेश वैष्णव खौड़, केवलदास वैष्णव, समाजसेवी अशोक सिंह खरोकडा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन उदयपुर महिला जिला उपाध्यक्ष पद पर वंदना सोनी को किया नियुक्त



कार्यकारी सम्पादक
कर्मपाल सिंह सवाली

**उदयपुर राजस्थान**। स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश वर्मा व राष्ट्रीय संरक्षक विमल सोनी व संजीव सोनी डायरेक्टर व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी समाजसेवी सोजत सिटी जिला पाली राजस्थान व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष तुलसीराम सोनी व मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष शान्ति लाल सोनी व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश महिला प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उषा सोनी स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन मंदसौर मध्यप्रदेश महिला जिला उपाध्यक्ष शकुंतला सोनी की अनुशंसा पर स्वर्णकार समाज की गौरव व समाज सेविका व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन उदयपुर महिला जिला उपाध्यक्ष पद पर वंदना सोनी को नियुक्त करने पर स्वर्णकार समाज में छाई खुशी की लहर व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन उदयपुर महिला जिला उपाध्यक्ष वंदना सोनी को आज दिन भर बधाई एवं शुभकामनाएं देने का तांता लगा रहा। एवं स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन उदयपुर महिला जिला उपाध्यक्ष वंदना सोनी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई संगठन में उस जिम्मेदारी पर में खरी उतरूंगी व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय टीम व शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

## पत्रकार प्यारेलाल प्रजापत को पुत्र शोक, नगर में छाई शोक की लहर

तरुणमित्र



**आमेट**=दैनिक भास्कर आमेट के वरिष्ठ पत्रकार प्यारेलाल प्रजापत के इकलौते पुत्र आशीष प्रजापत 32 का शुक्रवार को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। आशीष के निधन के समाचार मिलते ही नगर क्षेत्र में और पत्रकारों मैं शोक की लहर छा गई। सदैव खुशमिजाज हसमुख रहने वाला आशीष प्रजापत एक बहुत ही बेहतरीन फोटोग्राफर के साथ नगर में जिम का संचालन कर रहे है। युवा आशीष प्रजापत के आकस्मिक निधन होने की खबर से हर कोई शतब्ध रह गया। आशीष के दो पुत्रियां व एक पुत्र है। पारिवारिक सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार आशीष की अंतिम यात्रा शनिवार प्रातः 9:00 बजे निजी निवास से रवाना हुई चंद्रभागा नदी तटस्थित रामबारी मुक्तिधाम पहुंची जहां पर अंतिम संस्कार किया गया शव यात्रा में प्रजापत समाज के साथ नगर के कई नागरिक शव यात्रा में सम्मिलित हुए। इधर उपखंड पत्रकार परिषद आमेट के संरक्षक बाबूलाल बाबेल ,शंभू सिंह मधु, अध्यक्ष सत्यनारायण देवपुरा, महामंत्री मुबारिक अजनबी, राव दिलीप सिंह परिहार, किशन लाल पालीवाल, संपत उजाला, श्याम सुंदर वैष्णव, मोहम्मद नूर खान ,जयसिंह भाटी , पुष्कर लाल माली, नानालाल जीनगर , प्रेम सिंह सिसोदिया, दिलीप सिंह गोपालपुर , कालू सिंह देवड़ा, सहित कई पत्रकारों ने आशीष प्रजापत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। और परिवार जनों को हुए वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## जेडीए की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों का अनशन

कर्मपालसिंह सवाली




**जयपुर, राजस्थान**। जयपुर में जेडीए की कार्रवाई के बाद व्यापारियों ने शुक्रवार से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। व्यापारियों की मांग है कि जो निर्माण तोड़े गए हैं, उनके बदले में मुआवजे के साथ पुनर्वास किया जाए। अनशन शुरू करने के बाद व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक गोपाल शर्मा एवं जयपुर की महापौर को ज्ञापन दिया और जेडीए की कार्रवाई को अमानवीय बताया। **व्यापारियों का आरोप** खातीपुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ व वार्ड नम्बर 38 हेरिटेज चेयरमैन हेमेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि जेडीए ने पंचायती पट्टों पर गौर नहीं किया और दिखावे के नाम पर शिविर लगाए। उन्होंने कहा कि 25 मई की कार्रवाई एकतरफा थी और जेडीए ने मनमानी की। अप्रैल में जेडीए ने भूखंड स्वामित्व के संबंध में शिविर लगाए थे और दस्तावेज लिए थे, लेकिन कोई निर्णय नहीं बताया गया। **अनशन पर बैठे व्यापारी** आज अनशन पर भंवर लाल चौधरी, गोपाल कुमावत, प्रभु राम बेनीवाल, सोनू शर्मा और राजकमल चौधरी बैठे हैं। व्यापारियों का कहना है कि जेडीए की कार्रवाई ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया है और वे अपने परिवार की विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर खरीदने में भी असमर्थ हैं। **विधायक से मिले व्यापारी** व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक गोपाल शर्मा को ज्ञापन दिया और जेडीए की कार्रवाई को अमानवीय बताया।

## डॉ. महेश सोनी को गुलाबी नगरी जयपुर में राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड 2025 से किया सम्मानित

तरुणमित्र




**जयपुर** - स्वर्णकार समाज के गौरव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व जाने-माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सनातन धर्म परिषद राजस्थान प्रांत प्रदेशाध्यक्ष व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी सोजत सिटी जिला पाली को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर व कोरोना काल में घर घर जाकर मास्क व सैनेटाइजर वितरण करने पर व पक्षियों के लिए गर्मी में परिंडे लगाने पर व हर समय समाज सेवा में आगे रहने पर व डॉ. महेश सोनी को राज्य की राजधानी जयपुर गुलाबी नगरी में राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड 2025 से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए हवा महल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज व समाज सेविका शिम्पी रंधावा व डॉ. सुनिता ग्रेवाल ने समाजसेवी डॉ. महेश सोनी को सम्मानित किया गया। एवं समाजसेवी डॉ. महेश सोनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मेने मेरा जीवन भी समाज सेवा में समर्पित कर दिया है। व डॉ. महेश सोनी ने कहा कि ( 26 जनवरी 2023 से लेकर 25 मई 2025 ) चौबीस महिना में 185 बार सम्मानित हो चुके हैं। डॉ. महेश सोनी सोजत तहसील से लेकर जोधपुर संभाग स्तर व राज्य की राजधानी जयपुर गुलाबी नगरी व देश की राजधानी नई दिल्ली व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक सम्मानित हो चुके हैं। व समाजसेवी डॉ. महेश सोनी ने सोजत सिटी का नाम पुरे वर्ल्ड में किया रोशन।

## सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने दूरभाष पर विधायक राठौड़ को बधाईयां और शुभकामनाएं दी

कर्मपालसिंह सवाली



**कुंभलगढ़ / राजसमंद**। पूर्व सिंचाई राज्यमंत्री कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ के 62 वा जन्मदिन के उपलक्ष में आज भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने सुबह से ही दूरभाष पर बधाईयां और शुभकामनाएं देकर अपने लोकप्रिय विधायक राठौड़ की लंबी उम्र की कामना की गई, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ का जन्म 1 जून 1963 में पिताश्री स्वर्गीय भगवत सिंह राठौड़ उसके माता श्री पारस कंवर के घर आगरिया ( आमेट) जिला राजसमंद में हुआ। सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने छात्र जीवन से ही राजनीति में अपना भाग्य आजमाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में शामिल होकर संगठन के अनेक विभिन्न पदों पर भी अपना कर्तव्य निभाने के लिए पहल की। उसे समय कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार 40 वर्षों से ज्यादा समय से कांग्रेस इस सीट पर जीतती रही। राजनीति में तेज तर्रार नेता सुरेंद्र सिंह राठौड़ को 1993 में भाजपा ने कांग्रेस के विरुद्ध प्रथम बार टिकट देकर कुंभलगढ़ से प्रत्याशी बनाया उन्होंने तेज आंधी की तरह 40 वर्षों से ज्यादा समय से कांग्रेस जो सत्ता पर काबिज़ रही थी। उसको पराजय करके भाजपा का मजबूत गढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई, ग्रामीणों ने सर्वेक्षण कर रही मीडिया टीम को बताया आजादी के बाद सबसे पुरानी कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण सिर्फ कांग्रेस ने आदिवासियों के कीमती वोट लेकर लंबे समय तक सत्ता पर काबिज होने के बावजूद भी अनेक समस्या बरकरार रही विकास करवाने में नाकाम ही साबित हुई। 1993 प्रथम बार जीतकर सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने शानदार इतिहास बनाया और क्षेत्र विधानसभा के गांव-गांव ढाणी-ढाणी में विकास की ऐतिहासिक गंगा बहाई। कुंभलगढ़ क्षेत्र वासियों के लिए लंबे समय से उठ रही बेडच का डैम बनाने की मांग रहीं उन्होंने अपने पूरे प्रयास के साथ स्वीकृति दिलाकर इस क्षेत्र की आगामी आने वाले समय में पानी का संकट और कृषि विज्ञान को भी मजबूत बढ़ावा मिलेगा। विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने राजसमंद सांसद रही दिया कुमारी के कार्यकाल में गोमती से लेकर वाया चारभुजा रिछेड़ ओलादर कुंभलगढ़ होते हुए उदयपुर तक हाईवे बनवाकर इस क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतरीन विकास की सुविधा दिलाने के लिए बड़ी पहल की । ग्रामीणों ने बताया इस हाइवे के कारण आने वाले समय में हजारों मजदूर किसानों को भी अपना रोजगार बढ़ाने के लिए भी आर्थिक रूप में मजबूत कड़ी बताया। जो कांग्रेस के राज के समय जो चारभुजा एक सिर्फ ग्राम पंचायत उसको उप तहसील का दर्जा दिलाया और अभी ही वर्तमान में चारभुजा को पंचायत समिति कार्यालय का दर्जा दिलाकर ग्रामीणों की लंबे समय से लटक रही समस्या का समाधान करवाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आज भी इस क्षेत्र के ग्रामीण किसान विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ को एक मसीहा के रूप में उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं। आज उनके जन्मदिन को लेकर सुबह से ही खुशियों का माहौल बना हुआ है। दूरभाष पर बधाईयां देने वालों तांता लगा रहा।

## आग उगलती 47 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच भीनमाल मे नागा साधु नविनगिरी महाराज की अनोखी तपस्या,अग्नि स्नान कर तपते सुरज को दे रहे है चुनौती



अमरपुरी गोस्वामी दादाई

**भीनमाल**। जालौर जिले के भीनमाल मे भीषण गर्मी मका कहर जारी है।नोपता के शुरुआत के साथ ही पारा 48 डिग्री को छु रहा है।एसे मे आमजन जहा घरो से बाहर निकलने मे कतरा रहे है।वही भीनमाल मे क़स्बे मे नागा साधु नविनगिरी महाराज कडी धुप और प्रजलित अग्नि के बीच तपस्या कर रहे है।महाकालेश्वर धाम हनुमान भाखरी के पीछे चल रही तपस्या चर्चा मे बना हुआ है।नागा साधु नविनगिरी पंच दशनाम अखाडा से जुडे हुए है।ओर 26 मई से 6 जुन तक लगातार 11 दिनो तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक तपती धुप मे चारो ओर जलती अग्नि के बीच अग्नि स्नान कर तपस्या मे लीन है।यह तपस्या गर्मी मे प्रकृति को चुनौती देने जैसी माना जा रही है।जहा जिले मे सुबह 9 बजे से ही गर्म।हवाए आमजन को परेशान कर रही है।वही साधु की यह कठोर तपस्या श्रध्दा ओर आस्था का केंद्र बना हुआ है।दूरदराज से लोग इस दुर्लभ साधना को देखने पहुँच रहे है।सोशल मिडिया पर भी यह साधना सुर्खिया बटोर रही है।तपस्वी नविनगिरी महाराज के अनुसार यह अग्नि तपस्या आने वाले 6 जुन तक रोजाना जारी रहेगा तपस्या करते हुए साधु दर्शन के लिए पहुचे श्रदालु अग्नि के बीच तपस्या करते हुए सा धु नविनगिरी महाराज भारत देश मे खुशाहाली अमन चैन के लिए कर रहे है।भगवान से प्रार्थना घोर तपस्या महाकालेश्वर धाम पुरी तरह नशा मुक्त क्षैत्र घोषित किया गया है।यहा पर किसी तरह की नशा आदि का सेवन नही किया जाता हे व नही मान मनुहार की जाती है। सेवादार तन मन धन से सेवा मे लगे हुए अलकेशपुरी गोस्वामी,मुरलीधर वैष्णव, आनंद सोनी,दीपक संदेशा,शंकरलाल, महेशपुरी गोस्वामी,सहित अन्य भक्त सेवा मे लगे हुए है।

## भारतीय सेना जवानों के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया गया




किशन पालीवाल आमेट

**आमेट**=उपखंड क्षेत्र आमेट नगर के भगवान श्री जय सिंह श्याम मंदिर प्रांगण में भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत महिला मोर्चा की निर्मला शर्मा के सानिध्य में महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया गया भारतीय सेना ज़िंदाबाद जिन्दाबाद भारत माता की जय के नारो से गूंजायमान हुआ राम चौक परिसर इस अवसर पर महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष निर्मल शर्मा, मंजू सारनोथ,गीता सोनी, कौशल्या मेवाड़ा भगवती मेवाड़ा सुशीला हेमलता सोनी, सोन कुवर, किरण सोनी, उल्लास खटीक ,विमल खटीक, पारस खटीक, मुन्ना खटीक सरिता शर्मा कंचन सोनी मनोहरी देवी ,संगीता शर्मा शांता देवी, ज्ञानू जोशी ,रतन देवी, सीमा सहित कई महिला उपस्थित थी

# भारत ने कीमतों पर अंकुश लगाने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती की

तरुण मित्र ब्यूरो

**ठाणे**। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री शंकर ठक्कर ने बताया 2 दिन पूर्व भारत सरकार ने एक अहम फैसले में सोयाबीन के समर्थन मूल्य में 436 प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा की ओर कल देर रात एक अधिसूचना जारी कर भारत सरकार ने खाद्य तेल की कीमतों पर अंकुश लगाने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क घटा दिया है इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। भारत ने कच्चे पाम, सोया तेल और सूरजमुखी तेलों पर आयात शुल्क 20% से घटाकर 10% कर दिया है, जिससे खाद्य तेल की कीमतें कम होंगी और आयात को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार ने शुक्रवार, 30 मई को प्रमुख कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को आधा कर दिया। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 20% से घटाकर 10% कर दिया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। संशोधित दरों के साथ, समग्र प्रभावी आयात शुल्क - जिसमें कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) और सामाजिक कल्याण अधिभार





शामिल हैं - 27.5% से घटकर 16.5% हो जाएगा। इस तीव्र कटौती से उपभोक्ताओं के लिए लागत कम होने तथा उच्च इनपुट कीमतों से जूझ रहे खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं (रिफाइनर्स) को राहत मिलने की उम्मीद है। कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क कटौती को भारत और अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड वार्ता से जोड़ा जा रहा है। सरकार ने कच्चे पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 20% से घटाकर 10% कर दी है। आधिकारिक तौर पर सरकार ने इसका उद्देश्य खुदरा महंगाई को नियंत्रित करना बताया है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यह अमेरिका की तरफ से बढ़ रहे दबाव को संभालने और संभावित जवाबी टैरिफ से बचने के लिए एक कूटनीतिक कदम है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका लगातार भारत पर कृषि उत्पादों की ऊंची इंपोर्ट ड्यूटी घटाने का दबाव बना रहा है। इसके जवाब में भारत ने सोयाबीन तेल जैसे अपेक्षाकृत कम संवेदनशील कृषि उत्पादों पर लचीलापन दिखाया है। जानकारों के मुताबिक इस कदम के जरिए भारत ने बातचीत की मेज पर अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है। इस निर्णय से क्रूड और रिफाइंड ऑयल के बीच ड्यूटी अंतर बढ़कर 19.25% हो गया है, जिससे घरेलू रिफाइनर्स के लिए फायदे की स्थिति बन रही है। अब रिफाइनर्स सस्ता क्रूड इंपोर्ट कर बेहतर मार्जिन पर घरेलू स्तर पर रिफाइनिंग कर सकते हैं। इससे नेपाल जैसे साफ्ता देशों से ज़ीरो ड्यूटी पर आयातित रिफाइंड तेल का दबाव भी कम होने की उम्मीद है।

# सफाई कर्मियों को तीन महीने से नही मिला वेतन

## आयुक्त बंगले के बाहर करेंगे भीख मांगो आंदोलन

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई**। मनपा के ठेकेदार ने 3 महीने से वेतन नहीं दिए जाने के कारण सफाई कर्मचारी कमिश्नर के बंगले के बाहर भीख मांगो आंदोलन करेंगे. इस विरोध प्रदर्शन समाज समता कामगार संगठन के नेतृत्व में किया जाएगा। बता दें कि इस संबंध में घनकचरा विभाग के उपायुक्त संतोष वारुले को एक निवेदन दिया गया है. निवेदन में कहा गया है कि ठेकेदार एस.एन. म्हात्रे ने घनसोली गुट क्रमांक 72 के श्रमिकों को 3 महीने से वेतन नहीं दिया है. साथ ही ठेकेदार ने 14 महीने से भविष्य निधि निर्वाह का भुगतान भी नहीं किया है. विशेष जीवन निर्वाह भत्ते का बकाया भुगतान नहीं किया गया है. बार-बार पत्राचार करने के बावजूद भी घनकचरा प्रबंधन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है. इसके कारण मज़दूरों और उनके परिवारों को मज़दूरी के अभाव में भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है. इस विरोध में मज़दूरों ने शुक्रवार को घनकचरा विभाग के उपायुक्त संतोष वारुले से मुलाक़ात की और उनसे तुरंत वेतन का भुगतान करने का अनुरोध किया. साथ ही, अगर आज सोमवार तक तीन महीने का बकाया नहीं मिला तो आयुक्त के आवास के बाहर भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. कर्मचारियों ने इससे मिलने वाले पैसे से अपनी रोजी-रोटी चलाने का फैसला किया है, ऐसी जानकारी संगठन के महासचिव मंगेश लाड ने दिया है।

# मुख्यमंत्री ने सौ दिन की योजनाओं और उपलब्धियों को रखा जनता के सामने , बोली नहीं टूटेगी एक भी झुग्गी

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर शनिवार को दिल्ली भाजपा की ओर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 'काम करने वाली सरकार के सौ दिन सेवा के' कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान अभिनेता अनुपम खेर के साथ संवाद करते हुए दिल्ली के विकास, सुशासन, योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दिल्ली में कोई भी झुग्गी नहीं टूटेगी। झुग्गियों में बुनियादी सुविधाएं देने के लिए दिल्ली सरकार के बजट में पैसे की व्यवस्था की गई है। पिछली सरकारों ने झुग्गी वालों को केवल वोट बैंक ही समझा और हमारी सरकार उनके विकास के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान यमुना की सफाई, वायु प्रदूषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र किए गए कामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई लगातार बड़ी-बड़ी मशीनों से की जा रही है। यमुना में गिरने वाले नालों की सफाई पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए कई स्तर पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए 'देवी बसें' चलाई गई। इसके अलावा वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के सभी 250 वार्डों के लिए चार-चार एंटी स्मॉग गन की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ-साथ राजधानी की ऊंची इमारतों पर सालभर एंटी स्मॉग गन संचालन को अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार लगातार ठोस नीतियां बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कूड़ा अब राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में हमारी जिम्मेदारी है। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को हटाने की लिए तेजी से काम हो रहा है। दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी राजधानी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का फैसला लिया। आज दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिल्ली के लोग ले रहे हैं। दिल्ली सरकार आयुष्मान वय वंदना योजना के 70 साल और ऊपर के सभी बुजुर्गों को वय वंदना कार्ड जारी कर रही है। इससे दिल्ली के बुजुर्ग दस लाख रूपये तक मुफ्त इलाज देश में कहीं भी करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों की कमी को दूर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों में अब दवाइयों की कोई कमी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र को बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है। निजी स्कूलों की फ्री बढ़ोतरी को रोकने के लिए कानून लेकर आए हैं। बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था भी की जा रही है। दिल्ली सरकार सभी वादों को पूरा करने के लिए ठीक ढंग से काम कर रही है। महिला समृद्धि योजना को लागू करने की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही गरीब महिलाओं को 2500 रुपये मिलना शुरू हो जाएगा। महिला की सुरक्षा के लिए दिल्ली में कैमरे लगाने का काम भी जारी है। महिलाओं के कल्याण के दिल्ली सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार ने सौ दिन की छोटी अवधि में दिल्ली के विकास के लिए ठोस योजनाओं काम करना शुरू कर दिया है। इसका प्रभाव भी राजधानी में धीरे-धीरे दिखाई दे रहा है।

# आत्मबोध के बिना आत्मनिर्भरता संभव नहीं, एकात्म दर्शन बनेगा प्रकाश स्तंभ : अरुण कुमार

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने शनिवार को कहा कि आज जब वैश्विक प्रभाव बढ़ रहे हैं, आत्मबोध के बिना आत्मनिर्भरता संभव नहीं है। पंडित दीनदयाल का दर्शन इस दिशा में प्रकाश स्तंभ बन सकता है। एकात्म मानव दर्शन भारतीय चिंतन के आधार पर राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचारधारा है। सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन व्याख्यानों की 60वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय स्मृति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया। अरुण कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन पर चर्चा करते हुए कहा कि एकात्म मानव दर्शन भारतीय चिंतन के आधार पर राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण विचारधारा है। यह व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाती है और समाज में परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक है। पंडित दीनदयाल ने भारतीय चिंतन के आलोक में 'एकात्म मानवदर्शन' की कल्पना की। यह दर्शन व्यक्ति, समाज



और राष्ट्र को एक इकाई मानता है। उनका मानना था कि आत्मबोध ही राष्ट्रबोध की पहली सीढ़ी है। अब समय आ गया है जब इस विचार को समाज के हर क्षेत्र में उतारना होगा। कुमार ने आत्मविस्मृति को आज़ादी के बाद की सबसे बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज अपनी पहचान और जड़ों को भूल जाता है, तो आत्मग्लानि और आत्महीनता घर कर लेती है। इसी आत्मविस्मृति से उबरने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानवदर्शन' का विचार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई नया विचार नहीं था, बल्कि भारतीय परंपरा की पुरानी नींव पर नया निर्माण करने की दिशा में एक प्रयास था। यह दर्शन बताता है कि आधुनिकता को अपनाते हुए भी अपने मूल को नहीं छोड़ा जा सकता। दीनदयाल का विचार था कि आत्मबोध के बिना राष्ट्रबोध संभव नहीं, और बिना राष्ट्रबोध के भारत का उत्थान अधूरा रहेगा। अरुण कुमार ने कहा कि हमें पुरानी नींव पर नया निर्माण करना होगा। हमें अपने वैशिष्ट्य के आधार पर वर्तमान में जीना होगा और युगानुकूल व्यवस्थाओं का निर्माण करना होगा। पुराना सबकुछ अच्छा है और आज का सबकुछ खराब है। हमारे पास ही सबकुछ श्रेष्ठ है दूसरों के पास हमें देने के लिए कुछ नहीं है- इस अहंकार में हमें नहीं रहना है।

# आआपा का 'महिला समृद्धि योजना' को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को 'महिला समृद्धि योजना' को लेकर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के खिलाफ जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने महिलाओं को 2500 रूपये देने का वादा पूरा नही किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे आआपा के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दौरान आआपा के नेताओं ने स्टेडियम के बाहर प्रदर्शन किया। आआपा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि सरकार बनते ही दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपये देंगे। सरकार अपने वादे को पूरा करने में नाकामयाब हो गई है। दिल्ली सरकार ने जनता को धोखा दिया है। आआपा का कहना है कि दिल्ली की जनता सरकार से सवाल कर रही है कि अपने वादों को सरकार कब पूरा करेगी?

# विधानसभा अध्यक्ष ने 'वॉक फॉर लाइफ- क्विट टोबैको' का नेतृत्व करते हुए तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ – क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व करते हुए तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मेट्रो वॉक रोहिणी गेट नंबर 8 से आयोजित किया गया। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता




पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से हमें मिलकर इसे जड़ से समाप्त करना होगा। जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# संडे बाजार रोड स्थित झुग्गियों में लगी आग

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। रोहिणी जिले के बुध विहार फेज-2 स्थित संडे बाजार रोड पर झुग्गियों में शनिवार तड़के आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा चार दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। घटना में 10 से 12 झुग्गियां जली हैं। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार तड़के करीब 3:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही चार दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



# अमरीका में पहला टैरिफ प्लान कोर्ट से खारिज होने के बाद, प्लान 'बी' की तैयारी शुरू : उदय सुरेश भाई ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे**। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा अमरीका की एक अदालत ने राष्ट्रपति ट्रम्प के सीमा शुल्क सम्बन्धी पहली योजना को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस तरह का निर्णय अकेले राष्ट्रपति को लेने का अधिकार नहीं है बल्कि उससे पूर्व संसद की स्वीकृति दी जानी चाहिए थी। इस विषम परिस्थिति को देखते हुए ट्रम्प प्रशासन ने एक तरफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है तो दूसरी ओर प्लान 'बी' लागू करने का भी निश्चय किया है। प्लान 'बी' के तहत 150 दिनों (पांच माह ) के लिए 15 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगाने का प्रावधान है। 1974 के व्यापार अधिनियम के अंतर्गत पांच महीनों के लिए अस्थायी तौर पर 15 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगाया जा सकता है और इसके बाद ज्यादा लक्ष्यांकित रूप से शुल्क आरोपित किया जा सकता है। इसके लिए एक अलग क्लॉज है जिसका उद्देश्य अनुचित एवं असमान व्यापार विधि पर नियंत्रण लगाना है।

उल्लेखनीय है कि अमरीका की एक संघीय अदालत ने मौजूदा सीमा शुल्क को बरकरार रखने के लिए कहा है। ध्यान देने की बात है कि ट्रम्प प्रशासन ने पहले विभिन्न देशों के लिए सीमा शुल्क की अलग-अलग दरें निर्धारित की थी लेकिन इसे तीन माह के लिए स्थगित कर दिया था। इसका मतलब यह हुआ कि वर्तमान समय में अमरीका में वही शुल्क दर लागू है जो डोनाल्ड ट्रम्प को राष्ट्रपति पद संभालने से पहले प्रचलित थी । लोअर कोर्ट के निर्णय को अपर कोर्ट में चुनौती दी गई है लेकिन चूंकि कानूनी प्रक्रिया लम्बी चलने की संभावना है जबकि जुलाई में मोहलत की अवधि खत्म हो रही है इसलिए नीतिगत निर्णय के लिए कानूनी आधार अनिश्चित हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी शुल्क छूट की समय सीमा समाप्त होने से पूर्व ही वैकल्पिक शुल्क लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। राष्ट्रपति के व्यापारिक एजेंडे को सुरक्षित करने का हर संभव किया जा रहा है। प्लान बी को दो चरणों में लागू किया जा सकता है। पहले चरण 15 प्रतिशत की टैरिफ का है जिसका उपयोग अमरीका में इससे पहले कभी नहीं हुआ। तात्कालिक असंतुलन को दूर करने के लिए इसे लागू किया जा सकता है जो सभी देशों पर समान रूप से प्रभावी हो सकता है। दूसरे चरण में खास-खास देशों पर ऊंचे स्तर का सीमा शुल्क लगाया जा सकता है।

# आईपी विश्वविद्यालय ने दाखिला परामर्श सत्र का किया आयोजन

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी) ने शनिवार को दवारका कैंपस में दाखिला संबंधी समाधान के लिए परामर्श सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र के प्रस्तावना संबोधन में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने दाखिले के लिए होने वाले ऑनलाइन एवं ऑफलाइन काउंसलिंग के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि काउंसलिंग के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है ताकि रैंक या क्वालीफाइंग एग्जाम के मेरिट के अनुसार पसंद का इंस्टिट्यूट मिले। विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव अजय अरोड़ा ने बताया कि आईपीयू ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दाखिला लेता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में पिछले साल से शुरू सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा और



स्पोर्ट्स कोटा के बारे में भी जानकारी दी। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के सह-निदेशक डॉ. गौरव तेहलान ने इस अवसर पर मेधावी एवं निर्धन छात्रों के लिए चलाई जा रही वित्तीय सहायता योजनाओं पर विस्तार से बताया। इसके तहत उन्होंने दिल्ली सरकार की मेरिट-कम-मीन छात्रवृत्ति एवं यूनिवर्सिटी की ईडब्ल्यूएस स्किम के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. उदयन घोष के इस अवसर पर बताया कि ढेर सारे प्रोग्राम में विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर दाखिला देती है। कई प्रोग्राम में दाखिलें नेशनल लेवल टेस्ट्स और क्वालीफाइंग एग्जाम के मेरिट पर दिए जाते हैं। घोष ने बताया कि समस्त प्रोग्राम में दाखिलें ऑनलाइन या ऑफलाइन काउंसलिंग के जरिए होते हैं। कई प्रोग्राम में दाखिलें के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। शेष प्रोग्राम के लिए भी काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा कि नेशनल लेवल टेस्ट्स एवं सीयूईटी के काफी आवेदक भी आईपीयू के विभिन्न प्रोग्राम में आवेदन करना चाहते हैं। घोष ने बताया कि विश्वविद्यालय उन आवेदकों एवं संभावित आवेदकों के दाखिलें से जुड़े समस्त सवालों का जवाब आमने-सामने देना चाहती थी। उसके मद्देनजर इस परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस तरह के और भी परामर्श सत्र का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के दाखिला विभाग की समस्त टीम मौजूद थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
www.tarunmitra.in
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार



# नरेंद्र मोदी : दुर्लभ संकल्प-शक्ति के अतुल्य नायक



विष्णुदत्त शर्मा

सन् 2014 से पूर्व भारतीय जनमानस धीरे-धीरे यह मान बैठा था कि आतंकवाद हमारे भाग्य का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है और इसके विरुद्ध कोई ठोस कदम संभव नहीं। विशेषकर 26/11 के मुंबई हमले ने इस विवशता की भावना को और गहरा कर दिया था। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने देश की आर्थिक राजधानी को रक्तरंजित कर दिया, पर तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की लाचार चुप्पी ने देश की जनता और सेना दोनों का मनोबल धराशायी कर दिया था। वर्षों तक देश में आतंकी घटनाएं होती रहीं, लेकिन कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने प्रतिकार नहीं किया और न ही उन निर्मम कुकृत्यों के प्रति भारतीय नेतृत्व में कभी बेचैनी देखी गई। उलटे पाकिस्तान से शांति की गुहार लगाते हुए कश्मीर के अलगाववादी संगठनों और आतंकियों के आकाओं की खुशामद होती रही। यही कारण था कि भारत की जनता के मन में यह धारणा जम गई थी कि आतंक का प्रतिकार अब केवल एक दिवास्वप्न है। लेकिन 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के साथ ही यह सोच बदलने लगी।

2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की और 2019 में पुलवामा की घटना के जवाब में एयर स्ट्राइक द्वारा आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह 'नए भारत' की उद्घोषणा थी। एक ऐसा भारत, जो अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि आक्रामक निर्णायक प्रतिकार करता है। भारत की सुरक्षा नीति में यह बदलाव कोई संयोग नहीं था, बल्कि मोदी जी की असाधारण इच्छाशक्ति और राष्ट्र-संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम था। आज भारत केवल पीड़ित राष्ट्र नहीं, अपितु एक सशक्त प्रतिकारक शक्ति बन चुका है — जो आवश्यकता पड़ने पर दुश्मनों को उन्हीं की धरती पर करारा जवाब देने से नहीं चूकता।

दुर्भाग्य से 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने एक बार फिर हमारी छाती को छलनी किया, लेकिन वे भूल गए थे कि नया भारत अभी भी नरेंद्र मोदी के हाथों में ही है और दस साल में हमारी सेना का सामर्थ्य भी कई गुना बेहतर हो चुका है। इस कल्पना से ही रूह काँप जाती है कि 22 अप्रैल की नृशंस व बर्बर आतंकी घटना (जिसमें धर्म पूछकर लोगों को मारा गया) के समय यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता? निंदा, विलाप और बयानबाजी के वही पुराने राग गाये जाते जो पिछले कई दशकों तक सुनाए जाते रहे, लेकिन देश की माटी का यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेंद्र मोदी जी जैसा निर्णायक, निर्भीक एवं निडर नेतृत्व है, जिसने देश को न झुकने देने की सौगन्ध खायी हुई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बेटियों की लाज बचाने का संकल्प लिया है और देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सारा जीवन मां भारती को सौंप दिया है। मोदी जी की आतंकी देशों से निरर्थक बातचीत में कोई रुचि नहीं है और उन्होंने पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में लाने का सपना पाला हुआ है। मोदी जी का मत एकदम स्पष्ट है, आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती, आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते और पानी व खून भी एक साथ नहीं बह सकता। सौभाग्य से आज देश के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जिन्होंने समूचे विश्व के समक्ष भारत का 'न्यू नार्मल' रख दिया है, जिसमें आतंकवाद पर घड़ियाली आँसू नहीं बहेगा, बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं का खून बहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम की नृशंस आतंकी घटना के पश्चात देश ने पहले की तरह केवल शोक नहीं मनाया, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक युद्ध का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर आरंभ हुआ— एक ऐसा अभियान जिसने आतंक के स्रोतों को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य किया। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता दी गई। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान की धरती पर स्थित उन ठिकानों को धूल में मिला दिया गया, जहां से भारत की बेटियों के सिंदूर को मिटाने की साजिशें रची जाती थीं। यह केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और आत्मबल की विजय थी। इस अभूतपूर्व प्रतिक्रिया ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया। अमेरिका के रक्षा विशेषज्ञ माइकल रुबिन ने यहां तक कहा कि "पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर भाग रहा था।" यह दृढ़ता और निर्णायकता, वह विशेषता है जो मोदी जी को अन्य नेताओं से अलग करती है। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत अब केवल सहन करने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि न्याय के लिए आवश्यकतानुसार शक्ति प्रयोग करने वाला राष्ट्र बन चुका है। जहाँ एक ओर कांग्रेस-काल में भारत आतंक के विरुद्ध केवल अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति की भीख मांगता रहा, वहीं मोदी युग में भारत वैश्विक मंचों पर सिर उठाकर खड़ा है- आत्मनिर्भर, आत्मबल से पूर्ण और समर्पित।

भारत की परंपरा रही है कि जब धर्म, देश या स्त्री की रक्षा की बात आती है, तब शस्त्र उठाना भी धर्म का ही रूप हो जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता का यह संदेश — "यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत" अब केवल शास्त्रों में नहीं, रणभूमि में भी साकार हो रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब केवल सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि अपने आत्मगौरव की रक्षा के लिए भी किसी भी सीमा तक जाने में संकोच नहीं करता। यह अभियान हमारी सेनाओं की तकनीकी दक्षता, सामरिक कौशल और अपराजेय संकल्प का प्रतीक बन गया है। आज, जब पूरी दुनिया भारतीय सेना के शौर्य और रणनीति की सराहना कर रही है, तब देश की जनता एक अभूतपूर्व आत्मविश्वास से ओत-प्रोत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश को पीड़ित मानसिकता से मुक्त कर एक स्वाभिमानी राष्ट्र में रूपांतरित कर दिया है। उनकी 11 वर्षों की नेतृत्व यात्रा एक ऐसी गाथा है जिसमें संकल्प से सिद्धि, और राष्ट्र को सुरक्षा से स्वाभिमान तक ले जाने की प्रेरणादायक कहानी समाहित है। जल, थल और नभ हर क्षेत्र में भारत आज पहले से अधिक शक्तिशाली, संप्रभु और आत्मनिर्भर बना है। भारत आज केवल एक भूगोल नहीं, आत्मनिर्भरता का जाग्रत संकल्प है और इस संकल्प को संकल्पना से सिद्धि तक पहुँचाने वाले युगपुरुष नरेंद्र मोदी है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं)**

## आज का पंचांग



रविवार 2025 वर्ष का 152वां दिन, दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म। विक्रम संवत् 2082, शक संवत् 1946 मास ज्येष्ठ पक्ष शुक्ल, तिथि षष्ठी 20.00 बजे को समाप्त। नक्षत्र आश्लेषा 21.37 बजे को समाप्त। योग ध्रुव 09.11 बजे को समाप्त। करण कौलव 08.01 बजे तदनन्तर तैतिल 20.00 बजे को समाप्त।

## आज का राशिफल




**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

**मीन :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

# धीमा जहर है यह, छोड़ दीजिए



श्वेता गोयल

बचपन से पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और शरीर में कैंसर व कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं। बावजूद इसके लोग इस धीमे जहर का प्रयोग छोड़ नहीं पाते। हालात इस कदर खराब हैं कि किशोरवय पीढ़ी धूम्रपान और विभिन्न तंबाकू उत्पादों की चपेट में है। यह स्थिति काफी चिंताजनक होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मन मस्तिष्क में कुछ गलत धारणाएं घर कर गई हैं कि धूम्रपान करने से चुस्ती-फुर्ती आती है। मानसिक तनाव कम होता है। व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे लोग समझना ही नहीं चाहते कि यह भ्रांति है। ऐसा कुछ नहीं होता। वास्तविकता यह है कि धूम्रपान ऐसा धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेल देता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'अपील का पर्दाफाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से वहां की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना अधिक है। एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है। एक आकलन है कि सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्र ज्योति कम होती जाती है। गर्भवती महिलाओं के धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों में माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरुष और 21 फीसदी महिलाएं धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है। जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचत नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे। बहरहाल, तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधों का एक स्वर में यही कहना है कि धूम्रपान एक अत्यंत धीमा किन्तु प्राणघातक विष है। इसलिए स्वयं तो धूम्रपान से बचें ही, धूम्रपान के आदी लोगों को भी इस लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7430

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7429 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 8493

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

### ऊपर से नीचे

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -8492 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | ■ | क | र | त | ब |
| र | न | ■ | र | म | ल | ■ | था | ह |
| द | ■ | ■ | ल | ■ | म | त | ■ | ला |
| म | हा | न | ■ | म | ना | क | र | ना |
| ■ | ■ | र | ■ | ना | ■ | रा | ■ | ■ |
| हा | थ | मा | र | ना | ■ | र | स | द |
| स | ■ | ई | ख | ■ | र | ■ | ■ | ल |
| नि | त | ■ | वा | द | क | ■ | क | द |
| क | र | ब | ला | ■ | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# वलसाड जिला में पांच स्थानों पर आयोजित ग्रीष्मकालीन योग शिविर का समापन समारोह

## 7 से 15 वर्ष की आयु के 500 बच्चों को योग आसन, ध्यान, प्राणायाम और मंत्रों का दिया गया प्रशिक्षण

तरूण मित्र, श्यामजी मिश्रा

**वलसाड जिला।** गुजरात राज्य योग बोर्ड के अध्यक्ष योगसेवक शीशपालजी के नेतृत्व और दक्षिण गुजरात जोन समन्वयक प्रीतिबेन पांडे के मार्गदर्शन में "स्वस्थ गुजरात, मोटापा मुक्त गुजरात" अभियान के अंतर्गत बच्चों में मोटापे की व्यापकता को रोकने के लिए वलसाड जिला के विभिन्न तालुकाओं में ग्रीष्मकालीन योग शिविर आयोजित किए गए। जिसका समापन समारोह विभिन्न तालुका स्तरों पर आयोजित किया गया। इस ग्रीष्मकालीन योग शिविर में 7 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों ने लाभ उठाया। यह शिविर बच्चों में मूल्यों को स्थापित करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर के दौरान योग आसन, ध्यान, प्राणायाम, मंत्रों का प्रशिक्षण









दिया गया तथा संगीत, पुराने खेल, विभिन्न प्रतियोगिताएं और आत्मरक्षा जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। वलसाड जिला के पांच स्थानों कपराडा, उमरगाम, पारडी, वापी और वलसाड में आयोजित इस ग्रीष्मकालीन योग शिविर में कुल 500 से अधिक बच्चों ने लाभ उठाया। इस शिविर में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपने माता-पिता, गुरु और परिवार के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का मार्गदर्शन दिया गया। चूंकि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें प्रमाणित प्रशिक्षकों और ट्रेनर द्वारा समझ और शिक्षा दी गई ताकि वे भविष्य में योग्य नागरिक बन सकें। समापन समारोह में बड़ी संख्या में अतिथि, दानदाता, बच्चे और अभिभावक मौजूद थे। बच्चों ने योग प्रदर्शन प्रस्तुत किए और अपने अनुभव बताए, जिससे अभिभावक प्रभावित हुए। दानदाताओं द्वारा बच्चों को उपहार दिए गए। जिला समन्वयक प्रीतिबेन वैष्णव ने गुजरात राज्य योग बोर्ड एवं वलसाड जिला की योगप्रेमी जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भव्य ग्रीष्मकालीन योग शिविर आप सभी के सहयोग से सफल हो पाया है, हमें आशा है कि भविष्य में भी आपका सहयोग हमें मिलता रहेगा।

# वलसाड के एक बिल्डर की लापरवाही से दो मासूमों की मौत, पुलिस मामला दर्ज कर शुरू कर दी है जांच

तरूण मित्र,

**वलसाड जिला।** वलसाड के लवाछा गांव में एक निर्माण स्थल पर खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई है। दोनों की मौत पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हुई है। दमकल विभाग ने शवों को बरामद कर लिया है और पुलिस ने भी मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। वलसाड के लवाछा गांव में एक निर्माण स्थल पर काम चल रहा है और उस काम के दौरान साइट के पास एक गड्ढा खोदा गया था और उसमें पानी भर गया था। उस पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने बिल्डर से भी पूछताछ शुरू कर दी है। इसके अलावा सड़क निर्माण का काम चल रहा है।

सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में दो किशोरों के डूबने की घटना हुई है, जिसमें 14 साल के दो किशोर गड्ढे में डूब गए और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। गड्ढा इतना गहरा था कि बच्चे कीचड़ भरी मिट्टी में डूब गए और वहीं उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के अन्य मजदूरों से भी पूछताछ की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिल्डर की लापरवाही के कारण यह मौत हुई है। अब देखना यह है कि बिल्डर की लापरवाही के चलते पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करती है या नहीं।

# अपहरण हुए 3 महीने के बच्चे को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खोज निकाला, अपहरणकर्ता महिला गिरफ्तार

तरुणमित्र/ब्यूरो

**पनवेल।** पनवेल रेलवे स्टेशन के बाहर की झोपड़ी से अपहरण हुवे एक 3 महीने के बच्चे को पनवेल शहर पुलिस की टीम ने महज 24 घंटे के भीतर खोज निकाली हैं. पुलिस ने बच्चे का अपहरण करनेवाली उसी इलाके की एक महिला को गिरफ्तार की है. इस महिला ने बच्चे का अपहरण क्यों कि इसकी जांच जारी हैं। पनवेल शहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 3 से साढ़े 3 बजे के बीच पनवेल रेलवे स्टेशन की सामने स्थित झोपड़ी से एक 3



महीने का बच्चा लापता होने का मामला सामने आया है.यह मामला संवेदनशील होने के कारण वरिष्ठों के मार्गदर्शन में 5 टिम तैयार कर बच्चे का तलाश शुरू की थी.इसी बीच पुलिस की जांच में सीसीटीवी में एक महिला बच्चे को पुणे की तरफ लेजाते हुवे दिखाई दी.जिसके कारण पुलिस की टीम को पुणे के तरफ रवाना किया गया. लेकिन पुलिस को पता चला कि अपहरणकर्ता महिला ने पुलिस को गुमराह करने के लिए लोनावला से पनवेल वापस आई.जिसके बाद जब पुलिस आसपास के इलाके में जांच तेज की तो कंलबोली पुलिस स्टेशन की सपुनि तृप्ती शेलके को आरोपी महिला रोशनी विनोद वागेश्री (35) बच्चे के साथ कंलबोली फायर ब्रिगेड के पास मिली।

# धरमपुर के मालनपाड़ा स्थित आईटीआई में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस



तरूण मित्र,

**वलसाड जिला।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर वलसाड जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा धरमपुर तालुका के मालनपाड़ा स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम 'Unmasking the Appeal : Exposing Industry Tactics on Tobacco and Nicotine Products' यानी 'आइए मिलकर तंबाकू उद्योगों की चालों को उजागर करें' पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। वलसाड जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के काउंसिलर सुमित्रा बागुल और अल्पेश पटेल ने आईटीआई के विद्यार्थियों को इस थीम के बारे में बताया और कहा कि यह थीम युवाओं को आकर्षित करने के लिए तंबाकू उद्योगों द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीतियों को उजागर करने पर जोर देती है, खासकर स्वाद के बारे में मीठा झूठ फैलाना, आकर्षक पैकेजिंग और डिजिटल मार्केटिंग का उपयोग करना। ताकि विशेष रूप से युवाओं को तंबाकू की लत से मुक्त किया जा सके और नशे की राह पर जाने से रोका जा सके, उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने नशे की लत के संबंध में अपने मन में उठने वाले प्रश्नों पर काउंसलरों के साथ खुली चर्चा की और अपनी समझ विकसित की।

# परम् स्वाभिमानी महाराणा प्रताप का जन्म दिवस समारोह



तरुणमित्र, वाराणसी

दिनांक 29-05-2025 स्थान, ग्राम-मझवाँ, वाराणसी (उ०प्र०) में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ग्राम सभा के सभी सम्मानित महानुभावों ने इस समारोह में बढ़ -चढ़ हिस्सा लिया। महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी हर एक कहानी पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा किया गया बलिदान और त्याग लोगों को बताया गया। जिससे लोग उनके कदमों पर चल सके। यह कार्यक्रम रणथम्भौरी क्षत्रिय गौरव संस्था के द्वारा आयोजक -ठाकुर घनश्याम सिंह गहलोत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्षता- ठाकुर वंश लाल सिंह गहलोत, मझवाँ ग्राम सभा संचालक - ठाकुर चन्द्र शेखर सिंह वत्स, सहमलपुर, जिला- महामंत्री, जनपद- वाराणसी मुख्य वक्ता- ठाकुर त्रिभुवन सिंह सोलंकी,ग्राम- मझवाँ, वाराणसी ठाकुर मंगल सिंह गहलोत, ग्राम- मझवाँ, वाराणसी आदि लोगों ने महाराणा प्रताप की जयन्ती पर विशेष योगदान रहा। समारोह राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया।

# वलसाड जिला में सिर्फ 7 अपराधों में जब्त की गई 105 किलोग्राम मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

तरूण मित्र,

**वलसाड जिला।** वलसाड जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज 7 अपराधों में जब्त की गई मादक दवाओं को नष्ट किया है। इन दवाओं का कुल वजन 105.085 किलोग्राम है और इसकी कीमत करीब 28 करोड़ 98 लाख 44 हजार 590 रुपये है। गुजरात राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और युवाओं में इसके बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए 21/05/2025 से 19/06/2025 तक एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत वलसाड जिला पुलिस ने 31/05/2025 को दहेज, भरूच में बीईआईएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी में ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में इन मादक पदार्थों को नष्ट किया है। जब्त मादक पदार्थों में डुंगरी से 2 एनडीपीएस




अपराधों के अंतर्गत 80.759 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया था, जिसकी कीमत 12 करोड़ 50 लाख 14 हजार 900 रूपये, तथा उमरगाम से 1 एनडीपीएस अपराध के अंतर्गत 9.16 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया था, जिसकी कीमत 10 करोड़ 2 लाख रूपये। इसके अलावा पारडी में एक मामले में 6,45,90,000 रूपये का, भिलाड में 2 मामलों में 32,130 रूपये का, वलसाड ग्रामीण में 1 मामले में 7560 रूपये तथा जिला के पांच पुलिस थानों में दर्ज कुल 7 मामलों में 28,98,44,590 रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को जब्त कर नष्ट किया गया। यह कार्रवाई वलसाड जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. करणराज वाघेला तथा पुलिस उपाधीक्षक ए. के. वर्मा के मार्गदर्शन में एसओजी वलसाड टीम द्वारा की गई। यह अभियान गुजरात को नशा मुक्त बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

# वलसाड में ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत हवाई हमले को लेकर आयोजित की गई नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

तरूण मित्र

**वलसाड जिला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 31 मई को शाम 5 बजे वलसाड जिला सहित पूरे राज्य में ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत हवाई हमले की नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल (द्वितीय) का आयोजन जिला कलेक्टर भव्य वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें एयर स्ट्राइक के बाद मंदिर में दर्शन के लिए आए 5 घायल लोगों को युद्ध स्तर पर एंबुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।



सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक कुछ ही मिनटों में पहुंचे और एयर स्ट्राइक में फंसे 20 लोगों को बस के जरिए सर्किट हाउस में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। अग्निशमन कर्मियों की एक टीम भी समय पर पहुंची और आग बुझाने का काम किया। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने सशस्त्र पुलिस कर्मियों और कमांडो की एक टीम मौके पर पहुंची और मंदिर को चारों तरफ से घेर लिया और पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वलसाड जिला कलेक्टर भव्य वर्मा ने मौके पर आकर मॉक ड्रिल का जायजा लिया। वलसाड प्रांत अधिकारी विमल पटेल और जिला आपूर्ति अधिकारी दीपक बारिया ने घायलों का हालचाल जाना। वलसाड डीएसपी ए.के. वर्मा, वलसाड शहर पीआई डी.डी. परमार और ग्रामीण पीआई बी.डी. जित्या ने मंदिर परिसर में सुरक्षा तैनात की। वलसाड प्रांत अधिकारी विमल पटेल ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक व्यवस्था तैयार करने तथा किसी भी तरह की आपात स्थिति आने पर क्या करना है, इस बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित इस मॉक ड्रिल के अंतर्गत किसी भी घटना की स्थिति में बचाव कार्य, घायलों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य, फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के कार्य का अध्ययन किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान प्रत्येक संबंधित सरकारी विभाग ने समय सीमा के भीतर अपनी ड्यूटी निभाई और यह मॉक ड्रिल सफल रही।

# वलसाड फैमिली कोर्ट तैयार करेगी काउंसलरों की पैनल, पात्र उम्मीदवार 10 जून तक करें आवेदन

तरूण मित्र

**वलसाड जिला।** वलसाड, वापी और धरमपुर में फैमिली कोर्ट के लिए काउंसलरों का पैनल तैयार करने के लिए पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 04 जून, 2025 से किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून, 2025 है।

आवेदन प्राप्त होने के बाद 13 जून, 2025 को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान या मनोविज्ञान में डिग्री होनी चाहिए।

इसके अलावा, उसके पास सामाजिक कार्य, बाल मनोचिकित्सा या पारिवारिक परामर्श में दो साल का अनुभव होना चाहिए और उसकी छवि साफ-सुथरी होनी चाहिए। आवेदक की आयु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 35 वर्ष पूरी हो चुकी होनी चाहिए और 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। काउंसलर के रूप में नियुक्त उम्मीदवार को समय-समय पर मानदेय का भुगतान किया जाएगा। उम्मीदवार को निर्धारित कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करना होगा।

वलसाड फैमिली कोर्ट के रजिस्ट्रार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि फॉर्म को व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा 04 जून 2025 से 10 जून 2025 तक फैमिली कोर्ट, वलसाड में जमा करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों के जेवर-नगदी लेकर तीन बच्चों की मां फरार, पति बोला- काफी खोजबीन की

#### तलाश में जुटी पुलिस

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव से तीन बच्चों की मां घर से सोने एवं चांदी के लगभग डेढ़ लाख से अधिक के जेवरात और 14 हजार रुपये बैंक से, तो वहीं 25 हजार घर में रखी नगदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपना और अपने तीन बच्चों का भरण पोषण करता है।

रोजाना की भांति 26 मई की सुबह वह मजदूरी करने गया हुआ था ।दोपहर लगभग लगभग बजे पत्नी बच्चों को छोड़कर घर में रखे जेवरात और नगदी व बैंक जाकर खाते से पैसे निकाल कर फरार हो गई। पीड़ित पति ने बताया काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद महाराजपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। मामले में महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित पति की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। महिला को खोजने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई है। अन्य जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। जल्द ही महिला का पता लगाया जाएगा।

### हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा

#### कोर्ट ने लगाया 3 हजार का जुर्माना; विधायकी पर संकट



**मऊ, एजेंसी।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही तीन हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब–किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

#### फाइलों में धरी रह गई हेरिटेज जोन को अतिक्रमण मुक्त बनाने की योजना

# पार्किंग बन सकी... न हटी अवैध दुकानें



**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में हेरिटेज जोन को अतिक्रमण मुक्त बनाने की योजना अभी भी प्रशासन की फाइलों में ही बंद है। बीते पांच महीनों में हेरिटेज जोन का कई बार सर्वे भी हो चुका है। अधिकारियों ने खुद अलग-अलग क्षेत्रों के निरीक्षण किए। लेकिन अब तक हेरिटेज जोन को अतिक्रमण से पहले की तरह ही जूझ रहा है। यह स्थिति तब है जब राजधानी को देश की पटल पर पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की योजना है।

नवाबों की संस्कृति, सभ्यता व उनकी धरोहरों को देखने के लिए राजधानी में देश- विदेश से पर्यटक आते हैं। लेकिन यातायात और अतिक्रमण का जाल पर्यटकों के लिए सिरदर्द बन जाता है। जैसे ही हेरिटेज जोन में पहुंचते हैं उन्हें सबसे पहले अतिक्रमण और वाहन पार्किंग से दो-चार होना पड़ता है। किसी तरह इमामबाड़ा तक पहुंचते भी हैं तो यहां की अव्यवस्था देखकर ही घूमने और दोबारा आने की इच्छा ही खत्म हो जाती है।

**केस–1 ; रूमी गेट के पास ही बना दी पार्किंग–** रूमी गेट राजधानी की पहचान का खास हिस्सा है। इसे सुंदर बनाने के लिए इसके कुछ हिस्सों की मरम्मत भी हुई। लेकिन रूमी दरवाजा के पास ही अवैध पार्किंग बना दी गई है। अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के कारण इसकी सुंदरता फीकी पड़ गई है। रामविलास दिल्ली से बुधवार को अपने परिवार के साथ इमामबाड़ा घूमने पहुंचे लेकिन, यहां की व्यवस्थाओं ने उन्हें मायूस कर दिया।

**केस– 2 ; रात होते ही सड़क पर हो जाता है अतिक्रमण–** रात आठ बजे के बाद रूमी गेट से छोटा इमामबाड़ा तक जाने में पर्यटकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अवैध दुकानें और पार्किंग से आना जाना मुश्किल हो जाता है। 500 मीटर के सफर में ही करीब आधे घंटे लग जाते हैं। यह स्थिति रात 11 बजे तक बनी रहती है।

**केस– 3 ; वैकल्पिक मार्ग नहीं, डायवर्जन से भी आफत–** पुराने लखनऊ की तरफ जाने वालों के लिए वैकल्पिक मार्ग नहीं है। छोटा इमामाबाड़ा की तरफ जाने वाले भी बड़ा इमामबाडा से होकर गुजरते हैं। यही वजह है कि यहां पर्यटकों के आने–जाने में परेशानी होती है। दूसरी तरफ रूमी गेट के पास से ही डायवर्जन किया गया है। इससे घंटाघर से रूमी गेट की तरफ आने वाले पर्यटकों को समस्या होती है।

**वैकल्पिक मार्ग मिलते ही खत्म होगी परेशानी–** हेरिटेज जोन की क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि हेरिटेज जोन का सुंदरीकरण किया जा रहा है। अतिक्रमण से निजात पाने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जल्द ही रूमी गेट के पास से पार्किंग को शिफ्ट किया जाएगा। वैकल्पिक मार्ग मिलते ही इमामबाड़ा की तरफ से आने वाले वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## बजट की कमी नहीं फिर भी बाहर की लिखी जा रही दवा

**रायबरेली , एजेंसी।** जिले के सरकारी अस्पतालों में दवा की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त बजट मिल रहा और साथ ही आवश्यकता के अनुरूप दवा की स्थानीय खरीद के साथ जेम पोर्टल पर भी दवा का टेंडर डाला जाता है। दवा की कमी न हो, इसके लिए हरचंदपुर



के रहवा में कॉर्पोरेशन का दवा का गोदाम खुला है। जिससे जरूरत पड़ने पर दवा सरकारी अस्पतालों में आती हैं। इसके बाद भी दवा का खेल चल रहा है। बाहर की दवा मरीजों को लिखी जा रही हैं। असल में मेडिकल स्टोर और दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों का चिकित्सकों के साथ गठजोड़ पूरी व्यवस्था पर हावी है। जिला अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी और पीएचसी को कॉर्पोरेशन से सीधे दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। महिला और पुरुष अस्पतालों को 20 प्रतिशत का बजट इसलिए दिया जाता है कि कॉर्पोरेशन से जो दवाएं न मिलें, उनकी खरीद अस्पताल के स्तर से कर मरीजों को उपलब्ध करा दी जाएं। वहीं, अस्पताल प्रशासन लगातार दावा करता रहा है कि मरीजों को देने के लिए स्टोर में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। इसके बाद भी मरीजों को बाजार से खरीदने के लिए दवाएं की पर्ची थमाई जा रही है।

#### चहेतों को टेंडर दिलाने से होती है दवा की कमी

शासन के आदेश पर जेम पोर्टल पर दवा खरीदने के लिए टेंडर डालने की प्रक्रिया होती है। इसमें खेल भी होता है। स्वास्थ्य विभाग के कर्ताधर्ता अपने चहेतों को कम बिड में टेंडर डलवा देते हैं। पूर्व में ऐसा कई बार जिला अस्पताल में हो चुका है। बताया जाता है कि जब किसी चहेती कंपनी का टेंडर पास हो जाता है तो सर्जिकल आइटम और जरूरी दवा की खरीद मनमाने ढंग से होती है। साथ ही दवा और सर्जिकल आइटम को खरीदे बिना ही भुगतान करा दिया जाता है। इस कारण भी दवा की कमी होती रहती है।

### महंत की हत्या में तीन भाईयों सहित चार को उम्रकैद

**बाराबंकी, एजेंसी।** फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के मसूदपुर गांव में मंदिर की जमीन को लेकर वर्ष 2002 में हुई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अमित सिंह की कोर्ट ने 22 साल बाद फैसला सुनाते हुए तीन भाईयों सहित चार अभियुक्तों को दोषी करार माना है। कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी तीनों सगे भाइयों मुनेश्वर प्रसाद, रामकृपाल व कमलेश के साथ रमापति को उम्रकैद के साथ 22 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

कोतवाली फतेहपुर के ग्राम मसूदपुर के हुकुम सिंह ने फतेहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता रामकृष्ण दास गांव में स्थित राम जानकी मंदिर के महंत थे। उनकी हत्या 12 अगस्त 2002 की रात को घर पर लाठी–डंडे और तमंचे से लैस मुनेश्वर प्रसाद, रामकृपाल कमलेश और रमापति ने की पीटकर की थी। विवेचना के दौरान हत्या में प्रयुक्त तमंचा मुनेश्वर की निशानदेही पर बरामद हुआ था। साक्ष्य व गवाही के आधार पर कोर्ट ने चारों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## धर्मस्थल की लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक लड़ा जाएगा : जमीयत

**सहारनपुर , एजेंसी।** गांव भोजपुर तगा में निर्माणाधीन धार्मिक स्थल तोड़ने का मामला गरमाता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को जमीयत उलमा-ए-हिंद का प्रतिनिधिमंडल गांव में पहुंचा। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि धर्म स्थल की लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक लड़ा जाएगा।

बृहस्पतिवार को भोजपुर तगा गांव में निर्माणाधीन धार्मिक स्थल को प्रशासन ने तोड़ दिया था। आरोप था कि यह अवैध रूप से बनाया जा रहा था। इस मामले को लेकर गांव में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासचिव सैयद जहीन ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने धार्मिक स्थल के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल की और वहां का मौका मुआयना भी किया। इसके बाद गांव के जिम्मेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सैयद जहीन अहमद ने गांव वालों को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में न लें। मौके पर मौजूद थाना चिलकाना प्रभारी चंद्रसेन सैनी ने बताया कि यह कार्रवाई एसडीएम और जिला पंचायत के आदेश पर की गई है।

### रियल एस्टेट के नाम पर ठगे साढ़े 17 लाख

**सहारनपुर, एजेंसी।** रियल एस्टेट के नाम पर साढ़े 17 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो कंपनी और उनके स्वामियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। बदले में फ्लैट और प्रॉपर्टी देने का वादा किया, लेकिन कुछ भी नहीं दिया। इस मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सदर बाजार क्षेत्र की भगत सिंह कॉलोनी निवासी मनीष चंदा ने तहरीर बताया कि 2014 में उन्होंने खुद 10 लाख और उनके सहयोगी आकाश चंदा ने 7.5 लाख रुपये रितेश गर्ग की कंपनी में लगाए थे। रुपये निवेश के बदले फ्लैट और प्रॉपर्टी देने का वादा किया गया, लेकिन समय बीत जाने के बावजूद न तो फ्लैट मिला और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित ने बताया कि जिस जमीन पर प्रोजेक्ट चलाया गया, वह नगर निगम और नर्दर्न चर्च ऑफ इंडिया के बीच टाइटल विवाद में उलझी हुई थी।

# गर्मी के साथ बिजली की मांग बढ़ी, ट्रिपिंग और कटौती ने छीना चैन



**रायबरेली , एजेंसी।** जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली ने लोगों को झटका देना शुरू कर दिया है। शहर में जहां ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कभी तार टूटने तो कहीं जंफर कटने से आए दिन बिजली गुल रहती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यह हाल तब है, जब पूरे साल बिजली व्यवस्था के नाम पर करोड़ों खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। गर्मी में पारा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए घरों में कूलर, पंखे और एसी चलने लगे हैं। यही वजह है कि पिछले माह की अपेक्षा मई महीने में बिजली की मांग 300 मेगावाट पहुंच गई है। विद्युत उपकेंद्रों पर लगे उपकरण ओवरलोड हैं। ऐसे में लोगों को लोवोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शहर के इंदिरा नगर, गोराबाजार, तेलियाकोट, आईटीआई, प्रगतिपुरम, शहीद स्मारक उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों के लोग ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। उपभोक्ता शरद मेहरोत्रा, आशीष कुमार बाजपेयी, पंकज कुमार ने बताया कि हर घंटे ट्रिपिंग होती रहती है। इससे परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल है, लेकिन महज 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। विद्युत उपकेंद्र कठगर, अटौरा, सूची उपकेंद्र से निकले फीडरों की लंबाई अधिक होने के कारण अक्सर लाइनों में फॉल्ट बना रहता है। इस वजह से अक्सर बिजली गुल रहती है। किसान रामप्रकाश, शिवदुलारे, आशाराम, मंशाराम ने बताया कि नहरों में पानी नहीं आ रहा है। धान की नर्सरी डालनी है, लेकिन बिजली नहीं आने से नर्सरी डालने का समय निकला जा रहा है। वहीं उड़द, मंग और हरे चारे की फसल पानी के अभाव में सूख रही है।

#### खर्च के बावजूद नहीं बदले हालात

उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली मिले, इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन हालात जस के तस हैं। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, जर्जर तार बदलवाने, उपकेंद्रों ट्रांसफार्मरों की टेस्टिंग समेत अन्य कार्य कराने के लिए 31 करोड़ खर्च किए गए। इसी तरह रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत 147 करोड़ रुपये से जर्जर तार, खंभे बदलने का काम कराया गया। इसके बावजूद बिजली के हालात बद से बदतर हैं।

### सजा दीवान, शबद कीर्तन से संगत हुई निहाल

**बाराबंकी, एजेंसी।** सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जनदेव महाराज का शहीदी दिवस शुक्रवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद दीवान सजाया गया। जसप्रीत सिंह ने गुरु महिमा सुनाते हुए गुरु अर्जन देव के जीवन पर प्रकाश डाला। हुजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। शबद कीर्तन की समाप्ति के बाद लंगर में प्रसाद छकने के साथ सबील पर शरबत पिया। शहीदी दिवस के अवसर पर लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारे में शुक्रवार सुबह से ही संगत का आना शुरू हो गया था। भटिंडा से आए जसप्रीत सिंह ने कीर्तन कर संगत को आध्यात्म में लीन कर दिया। बताया कि गुरु अर्जन देव जी का जन्म वर्ष 1563 में 15 अप्रैल को हुआ था। उनके पिता सिखों के चौथे गुरु, गुरु रामदास थे। सिखों के चौथे गुरु के सबसे छोटे बेटे होने के बावजूद गुरु अर्जन देव को गुरु की गद्दी के लिए चुना गया था और साल 1581 में केवल 18 साल की आयु में वह सिखों के पांचवें गुरु बने थे। गुरु अर्जन देव ने ही अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की नींव रखी थी। शहीदी दिवस को याद रखते हुए गुरुद्वारा साहिब में 40 दिन तक लगातार महिला संगत ने सुखमनी साहिब का पाठ किया। बच्चों ने भी कीर्तन किया।

# अब स्पिरिट में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी आएंगी नजर

**मुंबई।** बालीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और फिल्म डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुष्टि की कि अब स्पिरिट में एक्टर प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। जैसे ही तृप्ति ने दीपिका को रिप्लेस किया, तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। दीपिका के फिल्म से बाहर होने के कारण को लेकर भी सवाल उठे। इस बीच फिल्म के लिए तृप्ति डिमरी को मिल रही फीस को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार दीपिका पादुकोण निर्देशक के साथ कई मतभेदों के चलते फिल्म से बाहर हुई हैं। बताया जा रहा है कि स्पिरिट के लिए दीपिका ने कथित तौर पर 20 करोड़ रुपये से अधिक फीस की डिमांड की थी, साथ ही मां बनने के कारण अपने शेड्यूल को लेकर भी उनकी कुछ शर्तें थीं और उनकी इन शर्तों से संदीप रेड्डी वांगा को समस्या थी, जिसके चलते एक्ट्रेस को बाहर कर दिया गया। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दीपिका ने बोल्ड सीन्स के चलते स्पिरिट करने से इनकार कर दिया है। वहीं अब जो रिपोर्ट्स सामन आ रही हैं, उनके मुताबिक तृप्ति डिमरी को फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण से 16 करोड़ कम फीस मिल रही है। जी हां, एक तरफ जहां दीपिका स्पिरिट के लिए 20 करोड़ चार्ज कर रही थीं, वहीं तृप्ति 4 करोड़ ले रही हैं। हालांकि, मेकर्स या तृप्ति की ओर से फीस को लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया है, लेकिन अगर रिपोर्ट्स सही हैं तो एक्ट्रेस को दीपिका के मुकाबले काफी कम फीस मिल रही है। बता दें, हाल ही में तृप्ति ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने स्पिरिट में अपनी एंट्री की पुष्टि की। इसके बाद संदीप रेड्डी वांगा ने भी एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने तृप्ति को स्पिरिट की हीरोइन बताया। तृप्ति पहले संदीप रेड्डी वांगा के साथ एनिमल में भी काम कर चुकी हैं।



### घटना के बाद मौके पर मचा हाहाकार

# देर रात नहाने गया युवक गंगा की तेज धारा लापता, शव की तलाश में जुटी एनडीआरएफ

तरुणमित्र

**भदोही**। गंगा में स्नान करने गया युवक तेज धारा में लापता हो गया। घटना के बाद मौके पर हाहाकार मच गई। एनडीआरएफ रेस्क्यू चला रही है। खबर लिखे जाने तक शव का पता नहीं लग पाया था। कोइरौना थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी गंगा घाट पर शुक्रवार रात लगभग नौ बजे गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से राजकुमार माली (35) गंगा की तेज धारा में बह गया। शुक्रवार रात से ही स्थानीय गोताखोर उसे ढूंढने में लगे रहे। वहीं शनिवार को एसडीआरएफ की टीम देर शाम तक उसे ढूंढने में लगी रही, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार राजकुमार माली प्रयागराज जनपद के हंडिया कोतवाली के जसवां गांव का निवासी था। वह बीते कई साल से सीतामढ़ी में भगवान हनुमान मंदिर के पास फूलमाला और प्रसाद की दुकान चला कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। शुक्रवार को वह परिजनों के साथ कड़ेधाम दर्शन के लिए गया था। वहां से वापसी में शाम को घर पहुंचने के बाद वह सीतामढ़ी में गंगा स्नान करने गया। नहाते वक्त अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज धारा में बह गया। सूचना पर कोइरौना थाना के प्रभारी निरीक्षक छोटक यादव, चौकी इंचार्ज सीतामढ़ी ओम प्रकाश सिंह, महेंद्र सिंह, विजेंद्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, संजय वर्मा आदि लोग गंगा घाट पर पहुंच गए। शनिवार सुबह नायब तहसीलदार भागीरथी, लेखपाल दिवाकर यादव भी सीतामढ़ी गंगा घाट पर पहुंच गए। एनडीआरएफ की टीम युवक को खोजने में लगी रही, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। नायब तहसीलदार भागीरथी ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम गंगा में लापता युवक की खोज में लगी है। अब तक उसका पता नहीं चल सका है।





## गंगा में डूब रहे एक ही परिवार के चार लोगों को बचाया

**भदोही**। सीतामढ़ी गंगा में स्नान करते समय तेज धारा में चले जाने से जीजा साली सहित पत्नी और एक बच्चा डूबने लगा। संयोग अच्छा था कि घाट पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को बचा लिया। गंगा में डूब रहे चारों लोग एक ही परिवार के थे और सभी प्रयागराज जनपद के हंडिया कोतवाली के भीटी के निवासी बताए गए। घटना के बाद साथ आए लोग दहशत में आ गए।

इन दिनों बड़ी संख्या में लोग स्नान करने आ रहे है। इनमें युवाओं की संख्या काफी अधिक देखी जा रही है। गंगा का जलस्तर काफी घटा हुआ है। पानी कम देख लोग, आधे गंगा तक जा कर पानी में खूब ऊधमबाजी कर रहे हैं। जिससे घटनाएं बढ़ने की संभावनाए हैं। समाजसेवी राहुल दुबे, कैलाश नाथ आदि ने सीतामढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किए जाने की मांग की।

# बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों और विद्युतकर्मियों का प्रदर्शन

- निजीकरण का फैसला वापस लेने तक जारी रहेगा आंदोलन
- प्रबंधन घाटे के भ्रामक आंकड़े दिखाकर खोजा जा रहा है निजीकरण रास्ता

तरुणमित्र

भदोही में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों का धरना प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने कहा कि निजीकरण का फैसला वापस लेने तक आंदोलन जारी रहेगा। राज्य जूनियर इंजीनियर संगठन के क्षेत्रिय सचिव इं. अभिषेक प्रजापति ने कहा कि पिछले 6 महीना से आंदोलन चल रहा है। प्रबंधन घाटे के भ्रामक आंकड़े दिखाकर निजीकरण का रास्ता खोजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की चुनिंदा निजी घरानों से मिली भगत चल रही है। आपको बताते चलें कि प्रजापति के अनुसार निजीकरण से बिजली महंगी होगी और उपभोक्ताओं पर और भी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि निजीकरण की टेंडर प्रक्रिया शुरू होते ही अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।






कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि आंदोलन के दौरान उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रदर्शन में इं. विनोद प्रजापति, धीरेंद्र प्रताप कौशल, प्रमोद चौहान, कुंवर ज्योति प्रकाश, सुजीत पटेल, रविंद्र प्रताप यादव, मनीष सिंह,शैलेश मौर्य, सत्य प्रकाश, आदित्य पांडे, समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनता की देवी थी अहिल्याबाई होल्कर-सपा

### जीवनपरान्त गरीब मजदूर की के हित के किया कार्य

तरुणमित्र

भदोही में ज्ञानपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में भारत की महान वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन और योगदान पर चर्चा की गयी। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध शासित राजमाता अहिल्याबाई होल्कर 30 वर्षों तक मराठा साम्राज्य राज्य किया। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की। वह जीवनपरान्त गरीब मजदूर की के हित के कार्य किया। संचालन जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति,जिला उपाध्यक्ष कल्लन यादव,भदोही वि.स.अध्यक्ष सन्तोष यादव,ज्ञानपुर वि.स.अध्यक्ष लालचन्द बिद,औराई वि.स.अध्यक्ष केशनारायण यादव,जिला उपाध्यक्ष सलाऊद्दीन अंसारी,जिला सचिव बच्चन पाल,अ.सु.जिलाध्यक्ष महेन्द गोड,कार्यालय प्रभारी गामा प्रसाद यादव,मजदुर सभा के जिलाध्यक्ष गुलाब पाल, प्रदीप वियोगी, विनोद यादव, वजीर आलम, राजेश राय, सालिम राईन, डा. नेब्बुलाल यादव,राजकुमार यादव,छबिनाथ यादव,सन्दीप यादव मक्की,इमरान खां, शैलेश यादव, लालजी यादव,बसन्तलाल यादव,पवन शुक्ल, सुभम यादव,आशीष यादव,अमृत यादव,जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि रहे।



# राजमाता अहिल्या बाई होलकर केवल एक शासिका नहीं थीं, वे धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति का प्रतीक भी थीं: राकेश मौर्य

तरुणमित्र

**जौनपुर** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के संरक्षकत्व में पूरे प्रदेश के क्रम में समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सांसद जौनपुर कार्यालय नईगंज में महान वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। भारत के इतिहास में वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों और कहानियों में अमिट छाप छोड़ी।मालवा की रानी अहिल्या बाई होलकर आज भी एक अहिल्या बाई होलकर केवल एक शासिका नहीं थीं, वे धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति का प्रतीक भी थीं। अहिल्याबाई होलकर की जयंती के मौके पर उनके जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानिए, ताकि हर नारी अहिल्याबाई होलकर से सीख ले सकें। सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का पुनः संकल्प लिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर केवल एक शासिका नहीं थीं, वे धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति का प्रतीक भी थीं। अहिल्याबाई होलकर की जयंती के मौके पर उनके जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानिए, ताकि हर नारी अहिल्याबाई होलकर से सीख ले सकें। जयंती समारोह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र यादव नैपाल, उमाशंकर पाल, ज़िला सचिव राजदेव पाल, कमलेश यादव, श्याम नारायण बिंद, डॉ जंगबहादुर यादव, रामू मौर्य आदि ने संबोधित किया। जयंती समारोह में पूर्व प्रमुख जयंती यादव, राहुल त्रिपाठी, ज़िला सचिव गुलाब यादव, धर्मेंद्र सोनकर, धीरज बिंद, प्रदीप कुमार पाल, कौशल यादव एडवोकेट, सतीश कुमार यादव, सुभाष चंद्र मौर्य, विकास पाल, मनोज कुमार पाल, अरविंद सोनकर, विनय कुमार यादव, जे पी यादव, बच्चा यादव, रामानंद यादव, रमाशंकर पाल, प्रेमचंद पाल, रविन्द्र मौर्य, अमजद अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। जयंती समारोह का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।




# खेल में सुधार लाकर जिले प्रदेश व भारत का मान बढ़ाना होगा-मुख्य विकास अधिकारी




तरुणमित्र

**भदोही**। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मुंशीलालपुर भदोही में हॉकी खेल का बालक बालिकाओं का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर कैंप लगाया गया जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उन्हें कैंप में तकनीकी और कुशलता के ऊपर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा वह अपने अंदर व खेल में सुधार लाकर जिले प्रदेश व भारत का मान बढ़ाना होगा। जिले के हॉकी सेक्रेटरी के रूप में राजकमल ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु कैंप का आयोजन होना बहुत जरूरी होता है। खेल के विकास के लिए जिसमे खिलाड़ी को तरसते में बहुत बड़ी भूमिका अदा करता है।

इस मौके पर हॉकी प्रशिक्षण मुनव्वर हुसैन द्वारा बच्चों को तकनीकी जानकारी व खेल के संबंधी अन्य जानकारी प्रदान की गई पूरा कैंप 15 दिनों का होगा। कैंप में आए खिलाड़ियों को उचित उपकरण व खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वह खेल को मेहनत व निपुणता के साथ सीख सकें। इस अवसर पर सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा दी गई है।

## मड़ियाहूं: तेज रफ्तार ऑटो ने कार को मारी टक्कर, मां-बेटे को मामूली चोटें

तरुणमित्र

**जौनपुर** : मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के सरौना गांव में शनिवार सुबह एक तेज़ रफ्तार ऑटो रिक्शा और अल्टो कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार मां-बेटे को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और घायलों के परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेवढ़िया थाना क्षेत्र के परेवां गांव में स्थित यादव बस्ती में आई राधेश्याम यादव की पत्नी बिंदु देवी अपने पुत्र प्रिंस यादव के साथ शनिवार सुबह लगभग 9 बजे जंघई से लौट रही थीं। उन्होंने एक ऑटो रिक्शा रिज़र्व किया था। सरौना गांव के पास अंग्रेजी शराब ठेके के नज़दीक सामने से आ रही अल्टो कार से ऑटो की भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो की रफ्तार तेज़ थी और असंतुलित होकर कार से टकराने के बाद गड्ढे में जा गिरा। हादसे में बिंदु देवी और उनके पुत्र को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें ऑटो से निकालकर पास की दुकान पर बैठाया। बिंदु देवी ने अपने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परेवां गांव से कुछ युवक मौके पर पहुंचे और कार चालक पर हमला करने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों के हस्तक्षेप से चालक वहां से कार छोड़कर भागने में सफल रहा। इसके बाद करीब आधे घंटे तक हंगामा होता रहा। मौजूद कुछ पत्रकारों के साथ भी बदसलूकी की गई और कैमरा चलाने से रोका गया। सरौना गांव के ग्रामीणों के हस्तक्षेप और समझाने के बाद हंगामा शांत हुआ। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने समय से पुलिस न पहुंचने पर नाराज़गी जताई है।






# छात्राओं के चेहरे पर खिला उत्साह, मंडल अध्यक्ष व जिला सोशल मीडिया प्रभारी ने मनाया जन्मदिन

तरुणमित्र

**शाहगंज (जौनपुर)**। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शाहगंज में शनिवार को मीना मंच कार्यक्रम के तहत छह छात्राओं का सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष धीरज पाटिल व जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जायसवाल ने शिरकत की और छात्राओं को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटने की रस्म से हुई, जिसमें सभी छात्राएं और स्टाफ सदस्य उत्साह से शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष धीरज पाटिल ने इस आयोजन को "मीठी यादों का स्वर्णिम पल" बताते हुए विद्यालय के अनुशासन और छात्राओं के शिष्टाचार की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें सामाजिकता का विकास होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जायसवाल ने विद्यालय की वार्डन एकता नीलम का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की।

उन्होंने छात्राओं की अनुशासित और मर्यादित उपस्थिति की विशेष रूप से तारीफ की। भाजयुमो शाहगंज के उपाध्यक्ष अरुण चौहान ने सभी छात्राओं को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्डन एकता नीलम ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि यह कार्यक्रम हर माह के अंतिम शनिवार को उन छात्राओं के लिए आयोजित किया जाता है, जिनका जन्म उसी माह में होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिकाएं किरण मौर्या, प्रियंका सिंह, रोमा मौर्या , अल्पना सिंह, प्रियंका वर्मा और अंकिता शुक्ला सहित समस्त स्टाफ ने सराहनीय योगदान दिया।



# जिला अस्पताल में किन्नरों का हंगामा: जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, चौकी प्रभारी की निष्क्रियता पर उठे सवाल

तरुणमित्र

**जौनपुर**। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजगी टोला मोहल्ले में कई महीनों से चल रहा जमीन विवाद शुक्रवार को अचानक उग्र हो गया। इस विवाद ने न केवल मोहल्ले को बल्कि कोतवाली और जिला अस्पताल तक को हिला कर रख दिया। आरोप है कि राज कॉलेज चौकी प्रभारी की लापरवाही के चलते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी तक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ख्वाजगी टोला निवासी एक किन्नर और उसके पटीदार के बीच जमीन का विवाद कई माह से चला आ रहा है, जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को थी। बावजूद इसके राज कॉलेज चौकी द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी का परिणाम रहा कि शुक्रवार को किन्नरों ने विवादित बाउंड्री वॉल को गिरा दिया, जिससे मामला और भड़क गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को कोतवाली ले जाकर पूछताछ शुरू की। यहां भी किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों द्वारा थोड़ी देर प्रतीक्षा करने को कहे जाने पर किन्नर पक्ष आक्रोशित हो उठा और फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया। जैसे ही अन्य किन्नर अस्पताल पहुंचे, उन्होंने इमरजेंसी कक्ष में जमकर तोड़फोड़ की और चिकित्सक डॉ. पवन सिंह, स्टाफ नर्स आशिष कुमार सिंह समेत अन्य कर्मचारियों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे आमजन में रोष है।



इस पूरे घटनाक्रम में राज कॉलेज चौकी प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि पुलिस समय रहते हस्तक्षेप करती और निष्पक्ष कार्यवाही करती, तो मामला इस स्तर तक नहीं पहुंचता। वर्तमान में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही चिकित्सक की तहरीर पर मारपीट, तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अब देखना यह होगा कि पुलिस चौकी की भूमिका को लेकर विभागीय जांच होती है या मामला यूं ही दबा दिया जाएगा।

## भ्रष्टाचार से नाराज अधिवक्ता गए हड़ताल पर

तरुणमित्र

**शाहगंज, जौनपुर**। स्थानीय तहसील के वकील शुक्रवार से तीन कार्य दिवस की हड़ताल पर चले गए हैं। यह हड़ताल तहसील के सरकारी कार्यालयों में अवैध वसूली और बगैर पैसा दिए काम नहीं करने की आदत के विरोध में की गई है।अध्यक्ष भोलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शाहगंज तहसील में भ्रष्टाचार व्यापक रुप से फैला है। लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, पेशकार और पीठास अधिकारी जनता का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते हैं।

उन्होंने बताया कि यही हाल न्यायालयों में भी है, जहां मनमाने ढंग से पत्रावलियों में विधिक प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है। कई माह तक आदेश नहीं किए जाते, न ही तारीख दी जाती है। इसके अलावा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र देने में भी मनमानी वसूली की जाती है। इससे वकील और आम जनता आक्रोशित है। उन्होंने बताया कि समिति की बैठक में तय रणनीति के अनुसार शुक्रवार से तीन कार्य दिवसों के लिए अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली नहीं सुधरी तो आंदोलन को उग्र रुप दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष समर बहादुर यादव, लालता प्रसाद यादव, राजदेव यादव, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, भारत यादव, स्कंध कुमार यादव, केशव कुमार राय, हरिनंदन उपाध्याय आदि अधिवक्ता साथियों से भ्रष्टाचार के विरोध में मुखर होकर आगे आने की अपील की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
www.tarunmitra.in
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार



# शहापूर उपजिला अस्पताल में जल्द शुरू होगा आईसीयू वार्ड

## पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील की मांग पर शुरू हुआ आईसीयू वार्ड

तरुणमित्र / ब्यूरो



**शहापूर** : शहापूर के उपजिला अस्पताल में समय पर इलाज न मिलने के कारण एक 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस दुखद घटना की पृष्ठभूमि में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील ने आज दोपहर अचानक अस्पताल का दौरा कर हालात की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में तुरंत आईसीयू (अतिदक्षता कक्ष) शुरू करने की मांग की, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना शहापूर तालुका के पेंढरघोल गांव की है, जहां प्रेम लहानू सदगीर नामक बालक को अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलते समय सांप ने काट लिया। उसे तुरंत शहापूर के उपजिला अस्पताल में लाया गया और डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन दुर्भाग्यवश उसकी मौत हो गई। प्रेम अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों ने डॉक्टरों पर समय रहते उचित इलाज न करने का आरोप लगाया। इस घटना के बाद कपिल पाटील ने शहापूर के उपजिला अस्पताल का दौरा कर वहां की सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के उपसंचालक डॉ. अशोक नांदापूरकर और जिला शल्यचिकित्सक डॉ. कैलास पवार से दूरभाष पर चर्चा की और जल्द से जल्द अस्पताल में आईसीयू शुरू करने की मांग रखी। अधिकारियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार तक तकनीकी मंजूरी के साथ कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक पांडुरंग बरोरा, भाजपा तालुकाध्यक्ष भास्कर जाधव, उपशहराध्यक्ष मनोज पानसरे, नगरसेवक योगेश महाजन, प्रमोद बसवंत, राजदीप जामदार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आग में भंगार के पांच गोदाम जलकर खाक



तरुणमित्र / सारा पुरी

**मुंब्रा**। शील फटा कल्याण फाटा उत्तरशिव आदि जगह पर प्लास्टिक के भंगार के गोदामो में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी रहता है। शुकवार रात 11 बजे लगी आग में 5 भंगार के प्लास्टिक की गोदाम जलकर खाक हो गए। आये दिन इस परिसर में आग लगने की बड़ी घटनाये होती रहती है। जिसमे कई प्लास्टिक के भंगार कपड़े की चिन्दी, कागज के पुट्ठे के गोडाउन जलकर राख हो चुके है। आपदा प्रबंधन सेल के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शील फाटा दोस्ती कॉम्प्लेक्स स्थित बबलू कंपाउंड समीप भंगार के 5 गोदाम में आग लगने से लाखो का माल जलकर राख हो गया।। इस परिसर में कागज ,प्लास्टिक,कपड़े तथा टायर के अनेक गोदाम है। शुकवार रात गोदाम में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम को जलाकर राख कर दिया। घटना की खबर मिलते ही आपदा प्रबंधन अधिकारी और कर्मचारी,डायघर पुलिस स्टेशन के कर्मचारी, बिजली विभाग के साथ 2 दमकल वाहन, एक पानी का टैंकर, एक रेस्क्यू वाहन के साथ मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गए। घटना स्थल पर लगी आग को दमकल कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद लभभग सवा पांच बजे पूरी तरह बुझाकर स्थिति को नियंत्रण किया गया। आग कैसे लगी कारणों का पता नही चल पाया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नही है। उल्लेखनीय है कि कल्याण फाटा, शील फाटा परिसर में यहां आग लगने का सिलसिला जारी रहता है और कई गोडाउन जलकर लाखो नुकसान उठाना पड़ता है।

# तम्बाकू से दूर रहें, स्वस्थ्य जिंदगी जिए - जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार की अपील

तरुणमित्र / ब्यूरो




**ठाणे**। तम्बाकू से होने वाले मुख कैंसर और अन्य गंभीर रोगों को मिटाने के लिए, केवल चिकित्सा उपचार ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर जागरूकता पैदा करना बहुत जरूरी है, यह विचार ठाणे जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार ने व्यक्त किया है। 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर ठाणे जिला सामान्य अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। "यदि बच्चों को कम उम्र में ही तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाए, तो अगली पीढ़ी तम्बाकू मुक्त रहेगी। माता-पिता को बच्चों के मन में तम्बाकू विरोधी विचार डालने चाहिए," यह सलाह डॉ. कैलास पवार ने दी है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुख कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और टाइप 2 मधुमेह का खतरा बहुत बढ़ जाता है।जिला अस्पताल, ठाणे द्वारा जन जागरूकता के लिए आयोजित रैली में तंबाकू विरोधी लक्षण, मौखिक स्वच्छता का महत्व, टूथब्रश बदलने के बीच अंतराल, दंत जांच के बीच अंतराल, मुंह में कोई भी बदलाव दिखने पर तुरंत जांच के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता पैदा की। विजेता छात्रों को डॉ. कैलास पवार द्वारा पुरस्कार दिए गए। इस रैली में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, डॉ. विलास साल्वे, डॉ. सुषमा कांबले और अन्य गणमान्य नागरिक और अस्पताल के कर्मचारी शामिल हुए। सिविल अस्पताल की डेंटल सर्जन डॉ अर्चना पवार ने बताया कि भारत में हर साल लाखों की संख्या में ओरल कैंसर के मरीज पाए जाते हैं। अगर मुंह में कोई सफेद या लाल धब्बा, घाव न भरना, मुंह खोलने में कठिनाई आदि दिखाई दे तो तुरंत सिविल अस्पताल के दंत विभाग से संपर्क करना चाहिए।

# अनाधिकृत इमारत का बिजली आपूर्ति खंडित की जाए, मनपा का महावितरण को पत्र

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई**। नवी मुंबई महानगरपालिका के घनसोली में आरक्षित खाली जमीन पर एक भू-माफिया ने अतिक्रमण कर अनाधिकृत इमारत खड़ी कर ली है. इस अनाधिकृत निर्माण को हटाने का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया है तथा इस इमारत की बिजली आपूर्ति खंडित करने के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका ने महावितरण के घनसोली विभाग को पत्र देकर अनुरोध करने से भगदड़ मची है। पूर्व नगरसेवक प्रशांत पाटिल ने घनसोली में एक अनधिकृत निर्माण के बारे में घनसोली विभाग कार्यालय और नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग को पत्र लिखा था. लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत धनाजी पाटिल ने 19 दिसंबर 2024 को नवी मुंबई महानगरपालिका के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी. इस याचिका पर 19 दिसंबर 2024 को न्यायमूर्ति ए.एस. गडकरी और कमल खटा जे. की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई थी. जिसमे न्यायालय ने नवी मुंबई महानगरपालिका को अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. तदनुसार, नवी मुंबई महानगरपालिका ने आगे की उचित कार्रवाई करते हुए 29 मार्च 2025 को महावितरण के घनसोली कार्यालय को एक पत्र दिया है, जिसमें अनाधिकृत इमारत के मालिक और डेवलपर द्वारा बनाई गई इमारत की बिजली आपूर्ति को काटने के लिए कहा गया है. लेकिन बिजली की आपूर्ति नहीं काटी गई है, इसलिए मनपा ने 17 मई 2025 को घनसोली विभाग के उप अभियंता (विद्युत) को एक और पत्र दिया है. इस प्रपत्र पर रिट याचिका क्रमांक 18573/24 मे मनपा का माननीय उच्च न्यायालय में की गई कार्रवाई के बारे में हलफनामा प्रस्तुत किया जाना है, इसलिए घनसोली के उक्त इमारत की बिजली आपूर्ति तुरंत काट दी जाए ऐसा नवी मुंबई महानगरपालिका के सहा. आयुक्त विष्णु धनावड़े ने महावितरण को दिये पत्र में कहा है।



# पुराने झगड़े के विवाद में चालक को बेरहमी से पीटा, जान से मारने की दी धमकी; चार लोगों पर मामला दर्ज

तरुणमित्र / अनिल वर्मा




**भिवंडी** : पुराने झगड़े के विवाद में चार लोगों ने मिलकर एक चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी और पुलिस में शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी दी। यह घटना भैयासाहेब आंबेडकर नगर इलाके से सामने आई है। इस मामले में नारपोली पुलिस स्टेशन में चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में सिद्धार्थ वाघमारे उर्फ सोटी (उम्र 24), हर्ष आरकडे (19), राहुल आरकडे (38) और चंद्रकांत आरकडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल चालक का नाम कुमार अर्जुन बनसोडे (35) बताया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 25 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे इन चारों ने पुराने झगड़े की रंजिश में आपसी मिलीभगत से हमला किया। आरोपी सिद्धार्थ ने कुमार के सिर, नाक, मुंह और पीठ पर चाबी से हमला किया, जबकि हर्ष, राहुल और चंद्रकांत ने उसे थप्पड़, लात-घूंसे मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। साथ ही धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। इस घटना को लेकर 30 मई को कुमार की शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस थाने में चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# प्रभाग क्रमांक 30 शरीफा रोड पर बह रहा नाली का गंदा पानी, चलना दुश्वार

तरुणमित्र / ब्यूरो



**मुंब्रा**। प्रभाग क्रमांक 30 शरीफा रोड गली में नालियों की नियमित सफाई नहीं की जा रही है। इससे सड़कों में गंदा पानी भर रहा है। इसमें मच्छरों का लार्वा पनपने से मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो गई है। नालियां चौक होने से उठ रही बदबू के कारण लोगों के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे सड़क पर रहवासियों के घरों और दुकानों के आगे गंदा पानी भर रहा है। यहां आने-जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी के कारण लोगों के कपड़े खराब हो जाते हैं। वहीं रहवासियों का कहना है कि दिन-प्रतिदिन समस्या गंभीर होती जा रही है, लेकिन ना ही जनप्रतिनिधि के द्वारा कुछ समाधान किया जा रहा है और ना ही प्रशासन के द्वारा जिसकी खामियाजा मोहल्ले वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

# नाइट्रो का फिट भारत अभियान तैराकी स्पर्धा में सैकड़ों बच्चों ने लिया हिस्सा

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे**. नाइट्रो वेलनेस अँड फिटनेस हब एवं वसंत फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से कोपरी में ओलंपिक साइज तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया गया. नाइट्रो फिट इंडिया अभियान के तहत अध्यक्ष प्रबोध डावखरे के जन्मदिवस निमित्त आयोजित इस तैराकी स्पर्धा में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया. युवा समाजसेवी प्रबोध डावखरे ने बताया कि\ इस उपक्रम का मुख्य उद्देश बच्चों व युवा पीढ़ी में फिटनेस, स्पर्धात्मकता और अनुशासन की भावना को जगाकर फिट भारत अभियान में उनकी सहभागिता को बढ़ाना है.कार्यक्रम में छावा फेम अभिनेता अनूप सिंह ने पुरस्कार देकर स्पर्धकों का उत्साह बढ़ाया. नाइट्रो के ऑलिम्पिक साईज स्विमिंग पूल में 100 से ज्यादा विभिन्न वय के खिलाडियों ने भाग लिया. इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक भरत चौहान, ओंकार चौहान,वीर सिंह पारक्षा सहित कई अतिथि उपस्थित रहे. तैराकी स्पर्धा में खिलाड़ियों को डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्टिफिकेट एवं अन्य भेंट वस्तु देकर सम्मानित किया गया. अनूप सिंह ठाकुर ने फिटनेस मंत्र भी दिया. फ्री स्टाइल तैराकी में हेतवी सुवर्ण,स्वरा पांचाळ,शमीका गोगटे, प्रणव तावडे, गुरुकांत पवार, ओंकार ठाकूर, रुनविका कोळी, सौम्या सायखेडकर ने तैराकी में विशेष प्रदर्शन किया.

## 2 पाकिस्तानी जासूस लड़कियों को 14 भारतीय पनडुब्बियों और विभिन्न युद्धपोतों की विस्तृत जानकारी और स्थान बताए

# रवि वर्मा अदालत ने दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

तरुणमित्र / ब्यूरो





**ठाणे**। नौसेना डॉक में जूनियर तकनीकी इंजीनियर के पद पर कार्यरत रवि वर्मा ने 2 पाकिस्तानी जासूस लड़कियों को 14 भारतीय पनडुब्बियों और विभिन्न युद्धपोतों की विस्तृत जानकारी और स्थान बताए। इस मामले में वर्मा को ठाणे की एक अदालत ने 2 दिन की पुलिस हिरासत में दिया है। इस बीच, वर्मा की मां ने शुक्रवार को दावा किया कि किसी ने अश्लील संदेश भेजकर उनके बेटे को इसमें फंसाया है और वह निर्दोष है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से की लहर दौड़ गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधे तौर पर पाकिस्तान और आतंकियों को चेतावनी दी थी और भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लागू करके पाकिस्तान को सबक सिखाया था। वहीं, हरियाणा की एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा को जासूसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। मल्होत्रा का मामला अभी ताजा ही था कि महाराष्ट्र एटीएस ने 29 मई, 2025 की शाम को रवि वर्मा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने और भारतीय नौसेना के बारे में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। वह फेसबुक पर पाकिस्तान के दो दोस्तों पायल शर्मा और एस्प्रिट के संपर्क में था, जो अलग-अलग नामों से काम कर रहे थे। इस फेसबुक अकाउंट पर उसने पनडुब्बियों और युद्धपोतों के बारे में जानकारी भेजी। नौसेना डॉक क्षेत्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित है, इसलिए वह केवल इन जहाजों के स्थान और अन्य जानकारी उन दोनों को भेज रहा था। शुक्रवार को मुंबई और ठाणे एटीएस की टीम द्वारा पूछताछ के बाद, उसने जिला सरकारी अस्पताल में मेडिकल जांच कराई। ठाणे कोर्ट ने उसे 2 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसने और क्या जानकारी दी? उसने और किससे चैट की? जांच जारी है। किसी ने रवि को अश्लील मैसेज भेजकर उसे जाल में फंसाया है। कलवा में रहने वाली उसकी मां ने दावा किया कि वह दोषी नहीं है। ऐसा कहा जाता है कि इसी वजह से उसकी शादी टूट गई। रवि की मां ने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि वह अपने बेटे की रिहाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगी।

# मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया

तरुणमित्र / ब्यूरो

**भिवंडी** : एक व्यक्ति ने दर्गा परिसर में धार्मिक भावनाएं आहत करने वाला कृत्य करते हुए चाकू से कडू नींबू का पेड़ काटा और नमाज में इस्तेमाल होने वाली पवित्र कुरान शरीफ को खाई में फेंक दिया।

इस घटना के बाद नारपोली पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मोहम्मद अनीसुर रेहमान (49) है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब साढ़े बारह बजे मोहम्मद अनीसुर ने नारपोली क्षेत्र के कैलासनगर पहाड़ी पर स्थित हजरत खयाचीसा बाबा दर्गा में घुसकर वहां के कडू नींबू के पेड़ को चाकू से काट डाला। इसके बाद दर्गा पर चढ़ाई गई चादर को जोर से खींचकर नीचे फेंक दिया और नमाज में पढ़ी जाने वाली पवित्र कुरान को पास की खाई में फेंक दिया। इसके साथ ही उपासना स्थल को नुकसान पहुंचाकर उसे अपवित्र किया। यह पूरी घटना नजरेआलम हसमतअली अंसारी (36) को उस समय नजर आई जब वह कैलासनगर पहाड़ी के पास प्राकृतिक क्रिया के लिए गए थे। उनकी शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 298 के तहत मोहम्मद अनीसुर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित।
RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606, कार्यकारी संपादक - शेष नारायण त्रिपाठी
ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।